इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण
"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

धमाका
ई रिक्शा के क्षेत्र में आलफाईन लाए है...
SINE WAYE TECHNOLOGY से
प्रति चार्जिंग 200 KM चलने वाला
भारत का पहला ई-रिक्शा
7 वर्षों से ई रिक्शा बैटरी, स्पेयर्स पार्ट्स एवं बेहतरीन गुणवत्ता के लिए.....
गणेश ट्रेडिंग, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव, 70004 70280
* नंदई मोहारा रोड 7999898741 * खैरागढ़ (धमधा रोड) 9425500166

वर्ष- 43 अंक -235 राजनांदगांव, शुक्रवार 12 जुलाई 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## नीट यूजी 2024 : सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षा दोबारा कराने की याचिका पर सुनवाई 18 जुलाई के लिए टाली

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बड़े पैमाने पर कथित कदाचार और अन्य अनियमितताओं के कारण मेडिकल में स्नातक स्तर की पढ़ाई के दाखिले के लिए पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता का प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2024 रद्द कर उसे दोबारा कराने की मांग वाली याचिकाओं पर अपनी सुनवाई गुरुवार को 18 जुलाई के लिए टाल दी।

मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सुनवाई की अगली तारीख मुकर्रर करते हुए कहा कि? उसके (पीठ) के अलावा कुछ अन्य याचिकाकर्ताओं ने अभी तक केंद्र सरकार और परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा बुधवार को दायर हलफनामे पर गौर नहीं किया है। इसलिए इस मामले को 18 जुलाई के लिए स्थगित की जाती है।



केंद्र सरकार ने अपने जवाब में अदालत को यह भी जानकारी दी कि नीट यूजी 2024 के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया जुलाई के तीसरे सप्ताह से शुरू होगी। काउंसलिंग चार राउंड में आयोजित की जाएगी।

पीठ ने पिछली सुनवाई 08 जुलाई को केंद्र सरकार और एनटीए को आरोपों से संबंधित जवाब हलफनामा के जरिए अदालत में 10 जुलाई को दायर करने का निर्देश दिया था।अदालत ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को भी जांच से संबंधित प्रगति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था।शीर्ष अदालत ने आठ जुलाई को कहा था कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि परीक्षा की पवित्रता से समझौता किया गया है। अदालत ने यह भी कहा था कि अगर धोखाधड़ी के लाभार्थियों और बेदाग उम्मीदवारों के बीच अंतर संभव नहीं तो फिर से परीक्षा आयोजित की जानी चाहिए।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने बुधवार को एक हलफनामा दाखिल कर शीर्ष अदालत को बताया था कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास द्वारा किए गए नीट यूजी 2024 के आंकड़ों के तकनीकी विश्लेषण से न तो बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के कोई संकेत मिले, और न ही असामान्य अंकों से लाभान्वित होने वाले उम्मीदवारों का कोई स्थानीय समूह है।

हलफनामा में कहा गया है कि विश्लेषण से पता चला कि परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों में कुल मिलाकर 550 से 720 की सीमा में वृद्धि दर्ज की गई। यह वृद्धि शहरों और केंद्रों में देखी गई है। इसकी वजह पाठ्यक्रम में 25 फीसदी की कमी को जाता है।केंद्र सरकार के जवाब में कहा गया है कि उच्च अंक प्राप्त करने वाले ऐसे कई उम्मीदवार विभिन्न शहरों से आते हैं। यह स्थिति कदाचार की बहुत कम संभावना को दर्शाता है।

एनटीए ने अपने अलग हलफनामे में कहा कि आज की तारीख तक 16 प्राथमिकियां (एफआईआर) दर्ज की गई हैं, जिनमें से 14 उसकी शिकायत पर, जबकि पटना और गोधरा पुलिस ने अपनी सूचना के आधार पर अलग अलग मुकदमा दर्ज किया है। एनटीए ने मई में प्रश्नपत्र सार्वजनिक होने के आरोप लगाने वाले टेलीग्राम वीडियो के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पार्टी और परिवार को बचाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा से हाथ मिलाने के लिए बेकरार, बेटा कई बार लगा चुका है दिल्ली का दौड़



हैदराबाद। लोकसभा 2024 का चुनाव पूर्व से लेकर पश्चिम, उत्तर से लेकर दक्षिण भारत तक की कई पार्टियों के लिए शुभ नहीं रहा। पिछली साल तक जहां तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव भारतीय जनता पार्टी को केंद्र की सत्ता से उखाड़ फेंकने की बात कर रहे थे, वहीं आज वो बीजेपी के साथ हाथ मिलाने के लिए बेकरार है। इसके पीछे पार्टी से लेकर परिवार तक को बचाने की बात सामने आ रही है। लेकिन उससे पहले जान लेते है कि तेलंगाना में 2019 और 2024 में पार्टियों ने कैसा प्रदर्शन किया था।

### 2024 में भाजपा आठ, बीआरएस साफ

हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों के दौरान तेलंगाना में के चंद्रशेखर राव की पार्टी भारत राष्ट्र समिति को करारी हार का सामना करना पड़ा है, जबकि केंद्र की सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी ने उम्दा प्रदर्शन किया है। राज्य की कुल 17 लोकसभा सीटों में से 8 पर बीजेपी की जीत हुई है, जबकि 8 पर राज्य की सत्ताधारी कांग्रेस और एक पर असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी की जीत हुई है। 5 साल पहले यानी 2019 में केसीआर की पार्टी ने 9 और बीजेपी ने चार सीटों पर जीत दर्ज की थी।

हालिया चुनावों में मिली करारी शिकस्त के बाद केसीआर जहां बीमार पड़े हैं और जनसंपर्क से कटे हुए हैं, वहीं बीआरएस के नेता एक-एक कर पार्टी छोड़ते जा रहे हैं। इसके अलावा बीआरएस को अपने नेताओं पर मुकदमे का भी डर सता रहा है क्योंकि राज्य की कांग्रेस सरकार पूर्ववर्ती सरकार के नेताओं पर शिंकजा कस रही है।

### 5 महीने से जेल में बंद है बेटी

ऐसे में एक तरफ राज्य सरकार की एजेंसियों की कार्रवाई का डर है तो दूसरी तरफ केंद्रीय एजेंसियों के रडार पर केसीआर की विधायक बेटी के कविता आई हुई हैं। वह दिल्ली के कथित शराब घोटाले में पिछले पांच महीने से जेल में बंद हैं और ईडी के निशाने पर हैं। इन परिस्थितियों में माना जा रहा है कि के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## निकाय चुनाव में सत्ता वापसी का 'ईधन' बनेगा सस्ता सिलेंडर, गरीबों को 500 रु. में देने के संकेत



रायपुर। नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव से पहले भाजपा की विष्णु देव साय सरकार सस्ते गैस सिलेंडर पर बड़ा दांव खेलने की तैयारी में है। नवंबर-दिसंबर 2024 में होने जा रहे नगरीय निकाय चुनाव से पहले गरीब वर्ग की महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा पूरा किया जा सकता है। यदि ऐसा हुआ तो यह योजना भाजपा के लिए चुनाव में गेमचेंजर साबित हो सकती है।

विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी (घोषणा पत्र) में भाजपा ने सस्ता गैस सिलेंडर देने का वादा किया था। मुख्यमंत्री साय ने राजधानी के पं. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में गैस का सिलेंडर 500 रुपये में देने का वादा पूरा करने के संकेत दिए हैं।

उन्होंने कहा है कि हम छत्तीसगढ़ में जल्द ही लोगों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर देंगे। सीएम ने इसे लेकर कोई निश्चित तारीख तय नहीं की है। इतना जरूर कह दिया है कि हम जल्द देंगे। ऐसे में अनुमान है कि सरकार इस साल ही गैस सिलेंडर देने की योजना शुरू कर सकती है। बैठक में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर भी शामिल रहे।

बतादें कि राज्य में 184 नगरीय निकाय हैं। इनमें से 169 में इसी वर्ष के अंत में चुनाव होने हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सैंपल की जांच : नामी कंपनियों के फूड सप्लीमेंट भी मिसब्रांड, सेहत के लिए सही नहीं



रायपुर। शरीर में पोषक तत्वों की कमी दूर करने के नाम पर कई नामी कंपनियां लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रही हैं। पिछले माह पांच जिलों से उठाए गए फूड सप्लीमेंट के पचास फीसदी सैंपल जांच में फेल हो गए हैं। सैंपलों को जिला स्तर पर जांच के लिए अलग-अलग राज्यों में भेजा गया था, जिसमें वे मिसब्रांड पाए गए हैं। अब संबंधित दुकानदारों को नोटिस जारी कर संबंधित प्रोडक्ट खरीदी का ब्योरा लिया जाएगा।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने पहली बार बच्चों से लेकर बड़ों तक के शरीर में पोषक तत्वों की कमी दूर करने के लिए बाजार में बिकने वाले सप्लीमेंट्री फूड को जांच के दायरे में लाया था। इसके लिए रायपुर समेत पांच जिलों की दवा दुकानों में बेचे जाने वाले बेबी फूड, न्यूट्रास्यूटिकल, मल्टीविटामिन, प्रोटीन पावडर जैसे उत्पादों के करीब बीस सैंपल लेकर उन्हें जांच के लिए हैदराबाद, दिल्ली सहित अन्य राज्यों के लैब में भेजा था। सूत्रों के अनुसार सैंपलों की प्रारंभिक रिपोर्ट विभाग को मिली है जिसमें दस फूड सप्लीमेंट में मिस ब्रांड अथवा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नीट मामले में सीबीआई को मिली बड़ी सफलता, आरोपी रॉकी को दबोचा, पटना के कोर्ट में हुई पेशी



पटना। नीट पेपर लीक मामले में मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आरोपी रॉकी को सीबीआई ने झारखंड से गिरफ्तार किया है, आज (11 जुलाई) उसको पटना में सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया गया, 10 दिनों की रिमांड सीबीआई को मिली है. रॉकी संजीव मुखिया का रिश्तेदार है. शक है कि पेपर लीक मामले में इसकी अहम भूमिका है।

दरअसल, नीट पेपर लीक मामले में जांच कर रही सीबीआई की टीम ने बीते मंगलवार को दो और आरोपितों सन्नी एवं रंजीत को गिरफ्तार किया है. दोनों गिरफ्त लोगों में एक परीक्षार्थी है जबकि दूसरा अन्य परीक्षार्थी का अभिभावक है. गया से रंजीत और नालंदा से सन्नी को पकड़ा गया है. बुधवार को 6 दिनों की रिमांड सीबीआई को इन आरोपियों की मिली है. इन्हीं से पूछताछ में रॉकी का लोकेशन मिला।

0 चिंटू ने लिया था रॉकी का नाम

नीट पेपर लीक मामले चिंटू नाम का आरोपी सीबीआई के रिमांड पर था. उससे पूछताछ में रॉकी का नाम सामने आया था. चिंटू की रिमांड अवधि खत्म होने के बाद उसको जेल भेज दिया गया है. सीबीआई को शक है कि हजारीबाग से ओएसिस स्कूल से पेपर लीक हुआ है. शक यह है कि संजीव मुखिया तक पेपर पहुंचा और उसने अपने गुर्गे चिंटू के मोबाइल पर प्रश्न पत्र भिजवाया. चिंटू और रॉकी ने एमबीबीएस स्टूडेंट्स से पेपर सॉल्व करवाए. इसके बाद प्रश्नपत्र और उत्तर पटना के लर्न प्ले स्कूल में चिंटू व रॉकी ने अभ्यर्थियों को दिए।

0 सीबीआई को है संजय मुखिया की तलाश

रॉकी के जरिए अब मास्टरमाइंड संजय मुखिया की तलाश सीबीआई कर रही है. वहीं, धनबाद से गिरफ्तार अमन, हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल रहे एहसानुल हक, वाइस प्रिंसिपल रहे इम्तियाज और पत्रकार जमालुद्दीन की रिमांड सीबीआई की विशेष अदालत ने बढ़ा दी है. यह चारों हजारीबाग के हैं. इनसे पूछताछ जारी है.

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तबीयत खराब, एम्स में भर्ती; अब हालत स्थिर



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तबीयत बुधवार देर रात अचानक बिगड़ गई। कमर दर्द की शिकायत के साथ वह देर रात तीन बजे एम्स पहुंचे। उन्हें एम्स के प्राइवेट वार्ड में भर्ती किया गया है। न्यूरो सर्जन डॉ. अमोल रहेजा की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। बता दें, राजनाथ सिंह ने 10 जुलाई को ही अपना 73वां जन्मदिवस मनाया। इस दौरान तमाम नेताओं ने उन्हें ट्विटर पर शुभकामनाएं दी। इसका उन्होंने जवाब भी दिया था। वहीं भाजपा के कई नेताओं ने उनके आवास पर जाकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी थी।

दिल्ली एम्स ने एक बयान में बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पीठ दर्द की शिकायत के बाद आज तड़के ओल्ड प्राइवेट वार्ड में भर्ती कराया गया। फिलहाल उनकी हालत स्थिर हैं और डॉक्टरों की निगरानी में हैं। उनकी तबीयत में सुधार दिख रहा है। जल्द ही उन्हें डिस्चार्ज किया जा सकता है।

## वित्त आयोग का सीएम साय ने किया स्वागतः कई विषयों पर हुई संक्षिप्त चर्चा



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से गुरुवार को नवा रायपुर स्थित मंत्रालय के महानदी भवन में उनके कक्ष में 16वें वित्त आयोग के चेयरमैन डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने आयोग के सभी सदस्यों के छत्तीसगढ़ आगमन पर खुशी जाहिर की और उनका स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री का वित्त आयोग के सदस्यों के साथ परिचय हुआ और विभिन्न विषयों पर संक्षिप्त चर्चा भी हुई। साय ने छत्तीसगढ़ से जुड़ी कुछ खास बातें उनके साथ साझा की। आयोग के सदस्यों ने छत्तीसगढ़ आगमन के उद्देश्य और प्रवास की पूरी जानकारी दी। गौरतलब है कि बीते कल देर शाम 16 वें वित्त आयोग का दल छत्तीसगढ़ राज्य प्रवास पर पहुंचा है। इसी कड़ी में आज वित्त आयोग के चेयरमैन डॉ. अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में सदस्यों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। अपने प्रवास के दौरान वित्त आयोग के सदस्य राज्य के मंत्रीगणों तथा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभिन्न बैठकों में भाग लेंगे। आयोग के सदस्य नवा रायपुर तथा जगदलपुर का भी भ्रमण करेंगे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव, वित्त मंत्री ओ पी चौधरी, आयोग के सदस्य अजय नारायण झा, एन्नी जार्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पांडा, डॉ. सौम्यकांति घोष, छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, वित्त आयोग के सचिव रित्विक पांडे, सयुंक्त सचिव कमल स्त्रह्मार मिश्रा, संयुक्त संचालक राघवेंद्र सिंह सहित दल के सदस्य भी उपस्थित रहे।

## सीए का रिजल्ट जारी, शिवम मिश्रा ने किया टॉप, ग्रुप वन का रिजल्ट 27.35 प्रतिशत




नई दिल्ली। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने सीए इंटर और फाइनल परीक्षा 2024 का रिजल्ट जारी कर दिया है। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना परिणाम चेक कर सकते हैं। सीए फाइनल एग्जाम में शिवम मिश्रा ने 83.33त्न (500 अंक) अंक प्राप्त कर टॉप किया। वहीं दूसरे स्थान पर वर्षा अरोड़ा हैं, जबकि 3 स्थान पर किरण मनराल और गिलमन सलीम अंसारी का नाम हैं।

### सीए इंटर परीक्षा का परिणाम

वहीं, सीए इंटर एग्जाम में भिवाड़ी के कुशाग्र रॉय को 89.67 प्रतिशत अंक मिले हैं। आल इंडिया में पहली रैंक प्राप्त की है। वहीं दूसरे स्थान पर युज सचिन करिया और योग्य ललित चांडक 89.67 प्रतिशत अंक मिले हैं। तीसरे स्थान पर मंजीत सिंह भाटिया और हिरेश काशीरामका हैं।

बता दें, ग्रुप फर्स्ट लास्ट ईयर में कुल 74887 उम्मीदवारों ने एग्जाम दी थी, जिनमें से 20479 पास हुए हैं औसत पास प्रतिशत 27.35 फीसदी है। वहीं ग्रुप सेकंड में 58891 कैंडिडेट्स एग्जाम में भाग लिए थे। जिसमें कुल 21408 पास हुए है। पास प्रतिशत 36.35 फीसदी है। दोनों ग्रुप में 35819 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 7122 सफल हुए हैं।

इस वर्ष इंटरमीडिएट ग्रुप 1 की एग्जाम 3, 5 और 7 मई को हुई थी, और ग्रुप 2 की एग्जाम 9, 11 और 13 मई को आयोजित की गई थी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

हेमन्त साहू
98271-56852
94241-15737
शिव बोरवेल्स एवं प्रापर्टी डिलिंग
• हर तरह की बोरिंग कार्य हेतु सम्पर्क करें।
• सभी प्रकार के सबमर्सिबल पम्प के विक्रेता।
• पाईप फिटिंग एवं सेनेटरी की सुविधा।
नंदई, कुआ चौक राजनांदगांव (छ.ग.)

## विधानसभा सचिवालय में आयोजित हुई वित्तीय समितियों की संयुक्त बैठक



रायपुर (दावा)। आज छत्तीसगढ़ विधानसभा के सचिवालय में विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह के नेतृत्व में वित्तीय समितियों की संयुक्त बैठक आयोजित हुई जिसमें लोक लेखा समिति के सभापति डॉ. चरणदास महंत, प्राक्कलन समिति के सभापति अजय चन्द्राकर सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सभापति अमर अग्रवाल स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज लेखा समिति के सभापति धरमलाल कौशिक, प्रधान महालेखाकार यशवंत कुमार वित्त विभाग के सचिव, संचालक, राज्य संपरीक्षा विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा और वित्त सचिव शारदा वर्मा एवं इन वित्तीय समितियों से संबंद्ध अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सभी वित्तीय समितियों के सभापतियों एवं सदस्यों को वर्ष 2024-25 के लिए सभापति एवं सदस्य चुने जाने पर बधाई देते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने इस संयुक्त बैठक की शुरुआत की। उन्होंने आगे कहा कि संसदीय समितियों का दायरा अत्यंत विस्तृत और व्यापक स्वरूप का होता है, इनकी इसी महत्ता के कारण संसदीय समितियों को लघु सदन की संज्ञा दी जाती है। अन्तः सत्र काल में विधायिका समितियों के माध्यम से ही कार्यपालिका पर नियंत्रण बनाए रखती है और इस सत्र में सभी वित्तीय समितियों के सभापति अनुभवी और संसदीय ज्ञान से परिपूर्ण हैं जिससे कि उनके सुदीर्घ संसदीय ज्ञान और अनुभवों से हमारे सदन की वित्तीय समितियां लाभान्वित होंगी साथ ही परिणाम मूलक सिद्ध होंगी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने वित्तीय समितियों के महत्व और उनकी उपयोगिता पर चर्चा करते हुए कहा कि संसदीय समितियां में वित्तीय समितियां का एक अपना अलग महत्व है क्योंकि यही वह समितियां होती हैं जो विधानसभा द्वारा पारित बजट की राशि को विभिन्न शासकीय विभागों में किस तरह से व्यय किया जा रहा है इस पर नजर रखती हैं, उसकी समीक्षा करती हैं और समीक्षा से प्राप्त निष्कर्ष कार्यपालिका पर वित्तीय अनुशासन को बनाये रखने हेतु सुनिश्चित करती है।

जिसके बाद उन्होंने वित्तीय समितियों में लोक लेखा समिति को सबसे महत्वपूर्ण समितियों में से एक बताते हुए कहा कि इस समिति के माध्यम से भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

होम्योपैथिक चिकित्सक एवं सलाहकार
डॉ.विशाल गंगवानी
(BHMS, RHSC)
आशीर्वाद डेन्टल क्लीनिक, बसंतपुर रोड, पुराना हॉस्पिटल के सामने, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 6264277529
समय प्रतिदिन- प्रातः 10 से 2 बजे तक, सायं 4 से 8 बजे तक
होम्योपैथिक चिकित्सा प्रकृति के नियमों पर आधारित पद्धति है जिसमें मरीज को बिना साईड इफेक्ट के जटिल बिमारियों का जड़ से निदान की व्यवस्था है।
बिमारियाँ
बच्चेदानी में गठान, महावारी की अनियमितता, ओवरी में सिस्ट, एनजाइटी डिजआर्डर, बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना, बच्चों का बहुत हाइपर एक्टिव होना, माइग्रेन, पुराना सरदर्द, एलर्जीक खुजली, एलर्जीक सर्दी-खाँसी, टान्सिलाइटिस, मानसिक तनाव, नींद न आना, डिप्रेशन, अस्थमा, सोरीएसीस, पथरी, ब्लडप्रेशर, मधुमेह, थाइराईड, साईटिका
विशेषकर पुराने जटिल एवं असाध्य रोग
होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में सफलता पूर्वक अनुभव के साथ। हम आज के इस बिमारियों के युग में मरीज की संपूर्ण देखभाल बिना किसी इफेक्ट के होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से प्रभावकारी तरीके से करने हेतु कटिबध्द है।
नया केस अपांइटमेंट के द्वारा लिया जाता है।
अन्य क्लिनिक - चंदखुरी- आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम, चंदखुरी भाटा
(समय : प्रति मंगलवार- प्रातः 10 से 2 बजे तक)

संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
सामान्य सर्जरी General Surgeon
■ सभी प्रकार के हार्निया का ऑपरेशन
■ अपेंडिक्स का ऑपरेशन
■ पित्त की थैली का ऑपरेशन
■ मुत्राशय की पथरी का ऑपरेशन
■ बवासीर, भगंदर का ऑपरेशन
■ छोटी एवं बड़ी आंत की बीमारियों का ऑपरेशन
■ अमाशय एवं अग्नाशय की बीमारियों का ऑपरेशन
■ हाइड्रोसील का ऑपरेशन
■ हाई टेक आईसीयू एवं सीसीयू
■ अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
■ हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए
■ 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
■ आयुष्मान कार्ड से एनजीओप्लास्टी की सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

# इलेक्ट्रानिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकारों को नवीन आपराधिक कानून के संबंध में दी गई जानकारी

**पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कार्यशाला का किया गया आयोजन**

राजनांदगांव(दावा)। देश में भारत सरकार द्वारा लाए गए तीन नवीन आपराधिक कानूनों 1 जुलाई से प्रभावशील हो गये हैं। इस संबंध में एस पी आफिस के जन संवाद कक्ष में एक कार्यशाला का आयोजन कर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा जिले के पत्रकारों को तीन नवीन कानूनों के बारे में जानकारी दी गई। इसके पूर्व एएसपी मुकेश ठाकुर व पुष्पेंद्र नायक द्वारा उपरोक्त तीन नए कानून के बारे में मीडिया के साथियों को प्रारंभिक जानकारी से अवगत कराया गया। इस दौरान तीन

नये कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के क्रियान्वयन हेतु पुलिस की भूमिका एवं पत्रकारों की भूमिका के बारे में विस्तार पूर्ण बताया गया। साथ ही पत्रकारों से तीनों नवीन कानूनों को प्रिंट/इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से प्रचारित कर लोगों को जागरूक करने हेतु किया गया अपील की गई।

### नए कानून का राजपत्र में प्रकाशन

कार्यशाला में बताया गया कि भारत सरकार द्वारा तीन नवीन आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 राजपत्र में प्रकाशित किये गये हैं जो दिनांक 01.07.2024 से प्रभावशील हो गये हैं। नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समाज के सभी वर्गों को इन कानूनों के संबंध में66 जानकारी होना आवश्यक है। अतः तद्नुसार इसी अनुक्रम में जिले के पत्रकारों को भी इन नवीन कानूनों के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराने हेतु गुरुवार 11 जुलाई 2024 को (अपरान्ह 12:00 से 01:00 बजे तक) पुलिस कन्ट्रोल रूम के जन संवाद कक्ष में एक साथ आमंत्रित कर उन्हें नवीन कानून के बारे में आवश्यक जानकारी से अवगत कराया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक उपस्थित थे। कार्यशाला में तीनों नवीन कानूनों के क्रियांनवयन में पुलिस की भूमिका एवं कार्यप्रणाली के संबंध में भी पत्रकारों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में नए कानूनों के माध्यम से नागरिकों के अधिकारों की रक्षा और अपराधों की रोकथाम में महत्वपूर्ण सुधार, साइबर अपराध, डेटा सुरक्षा और तकनीकी धोखाधड़ी जैसे नए प्रकार के अपराध के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक बताया गया साथ ही बताया गया कि इन नई संहिताओं को आधुनिक समय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। जिससे न्यायिक प्रक्रिया में स्पष्टता और निष्पक्षता आती है। यह संहिता नागरिकों को सरकारी तंत्र के किसी भी दुरुपयोग से बचाने के लिए कानूनी संरक्षण प्रदान करती है।

कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों को बताया गया कि नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए पहली बार जीरो एफआईआर की शुरुआत की गई है। अपराध कहीं भी हुआ हो उसे अपने थाना क्षेत्र के बाहर भी रजिस्टर किया जा सकेगा। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन और प्रावधान शामिल किए गए हैं। जिसमे मौजूदा कानूनी ढांचे को अधिक संक्षिप्त और सरल बनाने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे आम नागरिक इसे आसानी से समझ सकें। जांच प्रक्रियाओं और न्यायिक कार्यवाही में आधुनिक तकनीकी उपकरणों और डिजिटल सबूतों के उपयोग को बढ़ावा दिया गया है साथ ही आरोपी और पीड़ित दोनों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई प्रावधान शामिल किए गए हैं।

### जुड़े नवीन आपराधिक कानून

उक्त कार्यक्रम में नवीन आपराधिक कानूनों में जोड़े गए नई धाराओं, पुराने कानून से हटाई गई धाराओ एवं आवश्यक में परिवर्तनो की विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 ने भारतीय दंड संहिता 1860 को प्रतिस्थापित किया है, जिसमें 358 धाराओं को शामिल किया गया है। भा.दं.वि. के अधिकांश प्रावधानो को बनाये रखा गया है, नये अपराधो को पेश किया गया है, न्यायालय द्वारा बाधित धाराओं को समाप्त किया गया है और विभिन्न अपराधों के लिए दंड बढ़ाया गया है।

कार्यशाला में जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारगण उपस्थित थे जिन्हें इन तीन नवीन कानूनों को प्रिंट/इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से प्रचारित कर लोगों को जागरूक करने हेतु अपील किया गया।

# श्रमिकों के समस्याओं के समाधान के लिए मोबाईल कैम्प का हो रहा आयोजन

**मोबाईल कैम्प के माध्यम से श्रमिक पंजीयन हेतु आवेदन एवं योजनाओं की दी जा रही जानकारी**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में श्रमिकों के समस्याओं के समाधान के लिए ग्राम पंचायतों में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर ने शासन द्वारा श्रमिकों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए जिले के श्रमिकों को मोबाईल कैम्प के माध्यम से पंजीयन हेतु आवेदन करने एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने का आग्रह किया है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि मोबाईल कैम्प के माध्यम से श्रमिक पंजीयन, नवीनीकरण, संशोधन एवं शासन द्वारा श्रमिकों के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तथा निर्माण श्रमिकों व असंगठित कर्मकारों का पात्रतानुसार पंजीयन हेतु ऑनलाईन आवेदन किया जा रहा है। साथ ही मोबाईल कैम्प के माध्यम से आवेदनों तथा पंजीयनों में आ रही समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि श्रमिक वर्ग पंजीयन एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए जनपद पंचायतों में संचालित श्रम कल्याण केन्द्र, श्रमेव जयते मोबाईल एप, लोकसेवा केन्द्र एवं इंटरनेट-कैफे के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। मुख्यमंत्री सहायता केन्द्र के हेल्प लाईन नंबर (टोल फ्री नंबर) 0771-3505050 पर संपर्क कर श्रमिक पंजीयन एवं योजनाओं की जानकरी प्राप्त की जा सकती है।

पदाधिकारी ने बताया कि जुलाई माह में जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जहां श्रमिक पंजीयन एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। 12 जुलाई को डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम रामपुर-रानीतालाब, डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बीजाभांठा एवं छुरिया विकासखंड के ग्राम भंडारपुर में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 16 जुलाई को डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम चैतुखपरी-केसली, डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम मोखली एवं छुरिया विकासखंड के ग्राम खोभा, 18 जुलाई को डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम सेम्हरा-गातापारखुर्द, डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम धौराभांठा एवं छुरिया विकासखंड के ग्राम घुपसाल, 20 जुलाई को डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम माड़ीतराई-लमानीभाठा, डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम सिंगारपुर एवं छुरिया विकासखंड के ग्राम बूचाटोला, 23 जुलाई को डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम सहसपुर-जारवाही, डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम किरगी एवं छुरिया विकासखंड के ग्राम पाटेकोहरा, 26 जुलाई को डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम बोड़तलाब-छिंदीजोब, कोहापानी व कुरेझर, डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम कोपेडीह एवं छुरिया विकासखंड के ग्राम गहिराभेड़ी, 30 जुलाई को डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम सेन्दरी-भेलवाटोला, डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम कोहका एवं छुरिया विकासखंड के ग्राम पांडेटोला में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत 13 जुलाई को एफसीआई गोदाम के पास (सीटी सेंटर प्रोजेक्ट), 15 जुलाई को ग्राम भर्रेगांव, 17 जुलाई को डी मार्ट के पास चैतन्य स्कूल बिल्डिंग निर्माण कार्य, 20 जुलाई को ग्राम खैरझिटी, 22 जुलाई को ग्राम धौराभांठा, 24 जुलाई को पेण्ड्री 50 बिस्तर वाले बच्चों का अस्पताल निर्माण कार्य, 26 जुलाई को ग्राम धर्मापुर, 29 जुलाई को चिखली पायोनियर होम्स निर्माण कार्य (सिंघानिया फार्म) संजीवनी अस्पताल के बाजू एवं 31 जुलाई को ग्राम जंगलेसर में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

## पहला कॉलम...

### सद्दाम बने जीवनदीप समिति के विधायक प्रतिनिधि



डोंगरगांव (दावा)। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के जीवनदीप समिति हेतु सद्दाम खत्री को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। 11 जुलाई को विधायक दलेश्वर साहू ने इसके लिए एक पत्र जारी किया है, उक्ताशय की विज्ञप्ति जारी करते हुए रवि शुक्ला ने बताया कि श्री खत्री के प्रतिनिधि नियुक्ति पर अनेक कांग्रेसियों ने हर्ष व्यक्त किया है जिसमें विरेंद्र बोरकर, आलोक चंद्राकर (बेमेतरा), किशोर बोहरा, वैशाली बोरकर, ललित लोढ़ा, शेरू खान, अखिलेश नखत, रवि शुक्ला, सोमन साहू, रोशन बंजारे, विशाल सोनी, दीपक देवांगन, प्रियंक जैन, डॉ.नरेंद्र साहू, महेंद्र वैष्णव, अजय जैन, रितेश राजपूत, पुष्पेंद्र नेताम, चेतन मानिकपुरी, अब्दुल करीम, अमित ठाकुर, आकाश जैन, अरुणा देवांगन, विकास महोबिया सहित अन्य शामिल हैं।

### लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा जगन्नाथ रथ यात्रा का स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। लायंस क्लब इंटरनेशनल 'डिस्ट्रिक्ट् 3233 सी' लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा संस्कारधानी राजनांदगांव शहर में आयोजित जगन्नाथ रथ यात्रा शहर भ्रमण रैली स्वागत हर्षोल्लास के साथ कामठी लाइन में लायंस पंडाल लगाकर शीतल पेय एवं अल्पाहार वितरण कार्यक्रम उमंग एवं उत्साहपूर्वक की गई। इस सेवाकार्य प्रकल्प का आयोजन लायन उमेद कोठारी एवं लायन संतोष लोहिया के मार्गदर्शन में अध्यक्ष लायन तरनदीप सिंग अरोरा, कोषाध्यक्ष कमल किशोर साहू, लायन अशोक पवार, लायन राजेश जैन लायन मनोज गुप्ता, लायन शोभा चौरसिया, लायन नेहा गुप्ता, लायन नथमल कोटरिया, लायन राजेश नागवानी, लायन विजय कोटारिया, लायन सुरेश शर्मा, लायन अनीता जैन एवं लायन परिवार सदस्यों की सहभागिता सराहनीय रहा। लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के सचिव डॉ. गिरीश श्रीवास्तव ने 'श्री जगन्नाथ रथ यात्रा समिति' के प्रति कृतज्ञता एवं लायंस परिवार की उपस्थिति एवं सेवा कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।


dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में

शानदार दूसरा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में

समय : 12, 3, 6 व 9 बजे

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

भैरा उका के कामेडी के डोज... पारिवारिक फिल्म

मोहित साहू कृत

हण्डा

छत्तीसगढ़ी भाषा में

कलाकार - अमलेश नागेश, अमृता कुशवाहा, अनिल सिन्हा, नीरज उइके, धर्मेन्द्र साहू आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN MULTIPLEX

12th July to 18th July 2024




Handa - 12:15, 03:15, & 06:15 pm

Sarfira - 12:00, 03:00, 06:30 & 09:30 pm

Hindustani 2 - 11:30am, 03:00, 06:00 & 09:30 pm

Kalki 2898 AD - 09:15 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200


# कालेजों में एडमिशन के लिए मारामारी शुरू... दिग्विजय में जारी हुई दूसरी सूची

**○ कट आफ 70 के पार... कम अंक पाने वाले विद्यार्थियों को करना पड़ेगा इंतजार**

**○ 14 जुलाई प्रवेश के लिए अंतिम तिथि**



राजनांदगांव (दावा)। नए शिक्षण सत्र के तहत जिले भर के कालेजों में प्रवेश शुरू हो चुका है। विद्यार्थी अपने मनपंसद कालेज में प्रवेश पाने के लिए ऑन लाईन आवेदन फार्म जमा कर रहे है। इसके लिए हेमचन्द विश्वविद्यालय दुर्ग से पहली सूची जारी हो चुकी है। दूसरी सूची 8 जुलाई को जारी की गई। दिग्विजय कालेज से मिली जानकारी के अनुसार बीए से लेकर बी.कॉम में कट आफ 75 प्रतिशत से उपर है। उन्होंने बताया कि पहली सूची जारी होने के बाद कालेज में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों का रूझान कम दिखा, दूसरी सूची जारी होते ही कालेज में प्रवेश के लिए मारामारी की स्थिति बन आएगी और ऐसा हो भी रहा है। सीटे कम होने की वजह से आवेदन ज्यादा पहुंचे है। दिग्विजय कालेज के अलावा कमला कालेज एवं शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों का हुजुम देखा जा रहा है।

### 70 प्रतिशत से अधिक कट आफ

बता दे कि दिग्विजय महाविद्यालय में प्रवेश के लिए 8 जुलाई को दूसरी सूची जारी कर दी गई। कालेज प्रबंधन की माने तो इस सूची में 70 प्रतिशत से अधिक कटआफ है। ऐसे में अभी भी कम अंक पाने वाले विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए इंतजार करना पड़ सकता है। रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा ने बताया कि दिग्विजय कालेज में 1970 सीटे है। दूसरी लिस्ट जारी होने के पहले साढ़े चार सौ से पांच सौ तक आवेदन आ चुके थे। दूसरी लिस्ट जारी होने के बाद विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए मारामारी की स्थिति रहेगी। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक दस्तावेजों का मूल्यांकन करने के बाद दाखिला देने की प्रक्रिया जारी है।

### प्रवेश की अंतिम तिथि 14 जुलाई

बता दे कि शासकीय स्वशासी दिग्विजय कालेज के साथ-साथ जिले भर के अन्य महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए मारामारी की स्थिति बनी हुई है। इसकी वजह कम सीटों का होना बताया जा रहा है। दिग्विजय महाविद्यालय में विभिन्न संकायों में 1970 सीटे है। दूसरी सूची जारी कर दिए जाने के बाद कालेजों में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 14 जुलाई है। आज से ठीक दो दिन बाद 14 जुलाई तक विद्यार्थियों को सूची के आधार पर दाखिला दिया के लिए रूचि दिखा रहे है। इससे इन कॉलेजों में विद्यार्थियों की गहमा-गहमी नजर आने लगी है।

# छत्तीसगढ़ के सरकारी शिक्षकों की बढ़ी टेंशन: अब छुट्टी लेने के लिए करना होगा ऑनलाइन अप्लाई

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के सरकारी शिक्षकों की मनमानी छुट्टी लेने की प्रथा को रोकने के लिए विष्णुदेव साय सरकार ने नया निमय लागू किया है। दरअसल, शिक्षक मनचाहे दिन छुट्टियों में रहते हैं या फिर स्कूलों में बच्चों की मौजूदगी में भी आराम फरमाते रहते हैं।

इस पर साय सरकार सख्ती दिखाते हुए शिक्षकों के छुट्टी लेने की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। अब 15 जुलाई से शिक्षकों को छुट्टी लेने के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करना होगा। शासकीय स्कूलों की शिक्षक अब विभागीय पोर्टल के माध्यम से छुट्टी के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके प्रक्रिया के लिए शिक्षा विभाग योजना बनाने के लिए तैयारी कर रही है।

ऑनलाइन छुट्टी के लिए कई प्रक्रियाएं हैं। सरकारी शिक्षकों को विभिन्न प्रकार की छुट्टियां भी मिलती हैं। अब छुट्टी के लिए शिक्षक आकस्मिक छुट्टी, अर्जित छुट्टी आदि के लिए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। आवेदन जमा करने के तुरंत बाद छुट्टी मिलना संभव नहीं है। क्योंकि ऑनलाइन आवेदन जमा करने के बाद, संबंधित अधिकारी स्वीकृति प्रदान करेगी, तब जाकर शिक्षकों को छुट्टी मिलेगी। अस्वीकृति दिए जाने पर छुट्टी के लिए आवेदन रद्द कर दिया जायेगा। शिक्षक पोर्टल पर अपने अवकाश आवेदन की स्थिति को भी ट्रैक कर सकेंगे। इसके अलावा इन्हें कई और भी सुविधाएं मिलेंगी।

इसे लेकर शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। शिक्षकों की छुट्टियों के लिए एक वेबसाइट लांच किया गया है।

शिक्षा विभाग ने पूरी मामले की जानकारी देते हुए बताया कि छुट्टी की स्वीकृति की प्रोसेस को आसान करने के लिए अवकाश मैनेजमेंट पोर्टल बनाया किया जा रहा है। इसके लिए eduportal.cg.nic.in/education वेबसाइट को लांच किया गया है। इसकी जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी से लेकर संभागीय स्तर के संचालकों को आदेश जारी किया गया है।

# डीईओ को शिक्षकों के अटैचमेंट का अधिकार नहीं: हाईकोर्ट ने किया निरस्त

बिलासपुर। स्थानांतरण की आड़ में शिक्षकों के अटैचमेंट को हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने कहा डीईओ को शिक्षकों के अटैचमेंट का अधिकार नहीं है। सिंगल बेंच से याचिका खारिज होने पर शिक्षकों ने डीबी में अपील की थी।

बस्तर क्षेत्र के शिक्षक दयानाथ कश्यप, चंद्रशेखर पांडे, दयाराम बघेल, मिरी राम देवांगन बस्तर क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में पदस्थ हैं। उन्होंने अपने अटैचमेंट को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। सिंगल बेंच से याचिका खारिज होने पर उन्होंने रिट अपील दायर की। कोर्ट ने उन्हें क्लब करके एक साथ सुना।

बता दें कि इन शिक्षकों को 14 एवं 15 मार्च 2024 को आदेश जारी कर मूल स्थान से स्थानान्तरण कर अन्य जगहों पर अटैच कर दिया गया। याचिकाकर्ताओं ने जिला शिक्षा और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पर द्वेषवश कार्रवाई का आरोप लगाते हुए कहा कि उनको ऐसा आदेश पारित करने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है।

राज्य शासन की स्थानांतरण नीति के अनुसार मंत्री से अनुमोदन प्राप्त कर कलेक्टर द्वारा उनका स्थानांतरण किया जा सकता है। साथ ही यह कार्रवाई चुनाव आचार संहिता लागू होने के दौरान की गई, इसलिए चुनाव आयोग से भी अनुमति लेना जरूरी था। सिंगल बेंच ने याचिका खारिज कर शिक्षकों को स्थानांतरित पद पर तत्काल कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए। इस आदेश के विरुद्ध डिवीजन बेंच में रिट अपील की गई।

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच में सुनवाई के दौरान अपीलकर्ताओं की ओर से कहा गया कि सिंगल बेंच ने पारित आदेश की ग़लत व्याख्या की है।

अपीलकर्ताओं का तबादले की आ? में अटैचमेंट किया जा रहा है। साथ ही स्थानांतरण या अटैच करने का अधिकार डीईओ या बीईओ को नहीं है। कोर्ट के नोटिस पर डीईओ ने भी शपथपत्र के साथ जानकारी दी कि अपीलार्थी शिक्षकों ने स्थानांतरित जगह पर अभी ज्वाइन नहीं किया है। सुनवाई के बाद डिवीजन बेंच ने अधिकार क्षेत्र से बाहर मानते हुए डीईओ और बीईओ द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश को खारिज कर दिया।

# लायंस की कार्यकारिणी घोषित







राजनांदगांव (दावा)। लायंस क्लब ऑफ नांदगांव द्वारा वर्ष 2024-25 हेतु नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई लायन अध्यक्ष लायन दिलीप खंडेलवाल द्वारा नॉमिनेशन कमेटी के चेयरमैन के रूप में लायन डॉ. आनंद वर्गीस को मनोनीत किया गया लायन आनंद वर्गीस द्वारा नॉमिनेशन कमेटी के अन्य सदस्य लायन प्रमोद बागड़ी लायन अशोक कोटडिया से चर्चा उपरांत प्रथम उपाध्यक्ष लायन नंदकिशोर खंडेलवाल को वर्ष 2024-25 हेतु लायंस क्लब ऑफ़ नांदगाव का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

मनोनीत लायन अध्यक्ष लायन नंदकिशोर खंडेलवाल की सलाह व आपसी विचार विमर्श कर नयी कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें प्रथम उपाध्यक्ष के रूप में लायन राजेश कोटड़िया तथा द्वितीय उपाध्यक्ष के रूप में लायन डॉ. सुदीप भट्टाचार्य सहयोग प्रदान करेंगे, सचिव के रूप में लायन योगेश गुप्ता सहसचिव के रूप में लायन नवीन तिवारी कोषाध्यक्ष के रूप में लायन सी ए ऋषभ नाहटा सहकोषाध्यक्ष के रूप में लायन सी ए राहुल लालवानी, टेल ट्विस्टर संदीप सिंह, टेमर लायन दिनेश अग्रवाल अधिवक्ता, जनसंपर्क अधिकारी लायन अशोक श्रीवास्तव सदस्यता विस्तार चेयरपर्सन लायन ललित भंसाली, क्लब सर्विस चेयर पर्सन लायन अशोक कोटडिया, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर की हैसियत से लायन डॉ. आनंद वर्गीस, एलसीआई कोऑर्डिनेटर एमजेएफ लायन प्रमोद बागड़ी, क्लब मार्केटिंग कम्युनिकेशन चेयरपर्सन लायन एच बी गाजी व संचालक मंडल के सदस्य लायन डॉ. नीलेश जैन लायन आकाश चोपड़ा लायन आकाश भंसाली, लायन प्रतीक मोदी, लायन अभय जैन, लायन राहुल वैद्य, लायन अरिहंत सांखला, लायन यश नाहटा, लायन मनमोहन साहू, कर सलाहकार लायन सुमन बक्शी, अधिवक्ता लायन कपिल वरू, लायन श्रेणीक गोलछा, लायन जुगल किशोर खंडेलवाल को मनोनीत किया गया पास्ट प्रेसिडेंट फोरम के रूप में लायन अशोक कटडिया, लायन सुभाष अग्रवाल, लायन अमलेन्दू हाजरा, लायन प्रमोद बागड़ी, लायन डॉ. आनंद वरगिस, लायन एचबी गाजी अधिवक्ता, ललित ललित भंसाली को नियुक्त किया गया।

नई कार्यकारिणी की बैठक विगत दिनों लायन डेन में संपन्न हुई एवं यह निश्चय किया गया, कि नए कार्यकारिणी की शपथ ग्रहण समारोह 17 जुलाई को संध्या 7:30 बजे लायन विनोद वर्मा पीडीजी नागपुर प्रथम वॉयस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन विजय अग्रवाल एवं विशेष अतिथि के रूप में लायन त्रिलोकचंद बरडिया व लायन डॉ. पुखराज बाफना का नाम तय किया गया।

उक्त सभी कार्यकारिणी व कार्यक्रम लायन अध्यक्ष दिलीप खंडेलवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ, उक्त जानकारी पीआरओ लाइन अशोक श्रीवास्तव द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति में जारी की गई।

# आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि की प्रशासकीय स्वीकृति

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत तहसील छुरिया, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ एवं राजनांदगांव तहसील के आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके तहत छुरिया तहसील अंतर्गत तालाब में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, खेत के गढ्ढा में गिरने व पानी में डूबने से जनहानि होने पर 4 लाख रूपए एवं सर्पदंश से जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, डोंगरगांव तहसील अंतर्गत सर्पदंश से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए एवं आग से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 9 मकान आंशिकक्षति होने पर 36 हजार रूपए, अतिवृष्टि से मकान पूर्णतः क्षति होने पर 1 लाख 20 हजार रूपए, आग से 1 मकान आंशिक क्षति, दो भैसा, 1 गाय व 1 बछड़ा क्षतिमृत होने पर 1 लाख 5 हजार 500 रूपए तथा राजनांदगांव तहसील अतिवृष्टि से 19 मकान आंशिकक्षति होने पर 76 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 2 पशुशाला क्षति होने पर 6 हजार रूपए, आग से 1 मकान आंशिक क्षति होने पर 2 हजार 500 रूपए, आग से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के

2-4-0

260-8 116-8

राजधानी

1-5-7

778-2 490-3

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# शहर में नो पार्किंग पर 50 वाहन चालकों के काटे गए चालान

**सड़कों तक दुकान फैले हुए होने से बाजार में पार्किंग की समस्या, वाहन चालक परेशान**

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों शहर में नो पार्किंग को लेकर यातायात विभाग काफी एलर्ट बना हुआ है। शहर में बेतरतीब वाहन खड़े करने वाले वाहन चालकों के जुर्माना किए जा रहे हैं। बुधवार को 50 वाहन चालकों के चालान काटे गए। इससे शहर आने वाले वाहन चालकों में भय व्याप्त है। वाहन चालकों का कहना है कि शहर के बाजार में दुकानदार अपने सामानों को सड़क तक फैलाए हुए रखते हैं। इससे उनके दुकानों के सामने ग्राहकों को गाड़ी खड़ी करने के लिए जगह नहीं बचती। मजबूरी में उन्हें उनकी दुकानों के सामने गाड़ी खड़ी रखनी पड़ती है। यातायात पुलिस के नजर पड़ते ही उसे क्रेन से उठा लिया जाता है और वाहन चालकों का जुर्माना कर दिया जाता है।

### सड़क तक फैली दुकानें

लोगों का कहना है कि यातायात विभाग व निगम प्रशासन बाजार में सड़कों तक दुकान फैलाए हुए दुकानदारों पर पहले कार्रवाई करें। उनके दुकानों के सामान जब्ती करें। तब ही जगह बचने पर उनकी दुकानों के सामने ग्राहकों की गाड़ियों रखने की जगह बच पाएगी। शहर के गुड़ाखू लाइन, जय स्तंभ चौक रोड भारत माता चौक, आजाद चौक क्षेत्र, गंज लाइन, सिनेमा लाइन, पुत्रीशाला रोड, जमात पारा फौवारा चौक क्षेत्र में सड़कों तक दुकान फैलाए दुकानदारों की यह कारस्तानी रोज की बात है। इन पर कार्रवाई किया जाना अत्यंत जरूरी है।

### बेतरतीब खड़ी वाहनों पर कार्रवाई

बता दें कि यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार खेस, सउनि येनलाल चन्द्राकर, कुंजलाल साहू, कमल किशोर श्रीवास्तव, थानेश्वर प्रसाद बांधव, शरद मसीह एवं यातायात टीम द्वारा शहर के फौव्वारा चौक, मानव मंदिर, कृष्णा टॉकीज, आजाद चौक, भारत माता चौक, तिरंगा चौक, गंज चौक तक बेतरतीब तरीके से नो पार्किंग में खड़े कुल 50 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर वाहन चालकों से 15 हजार रूपये जुर्माना वसूला गया। बताया गया कि यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

### यातायात पुलिस की अपील

बताते चलें कि जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश व मार्गदर्शन में शहर में नो पार्किंग पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में बुधवार 10, जुलाई को शहर के भीड़ भाड़ वाले स्थानों में बेतरतीब ढंग से खड़े? किए गए वाहनों की चालानी कार्रवाई की गई साथ ही यातायात पुलिस ने आम जनों से अपील है कि अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्किंग करें। यातायात व्यवस्था बनाये रखने यातायात पुलिस का सहयोग करें, यातायात नियमों का पालन करे एवं असुविधा से बचे।

# राज्य की कानून व्यवस्था पर भड़के दीपक बैज, बोले- प्रदेश में सुशासन नहीं बल्कि जंगल राज

**रायपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ में डबल मर्डर केस सामने आने के बाद सियासी पारा चढ़ गया है। दोहरे हत्याकांड मामले में कांग्रेस ने बीजेपी सरकार को घेरने की कोशिश की है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने राज्य के विष्णुदेव साय सरकार पर प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब से राज्य में बीजेपी की सरकार बनी है, तब से अपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही है। राज्य सरकार का इस पर कोई नियंत्रण नहीं है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगते हुए कहा कि कहीं सरकार ही अपराधियों को संरक्षण देने का काम तो नहीं कर रही है।**



पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में चोरी, डकैती, मारपीट, दुष्कर्म और हत्या जैसी घटनाएं बढती जा रही है। राज्य सरकार का इस पर कोई नियंत्रण नहीं है। उन्होंने आरोप लगते हुए कहा कि कहीं सरकार ही अपराधियों को संरक्षण देने का काम तो नहीं कर रही है। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने तंज कसते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ को बीजेपी सरकार ने जंगल राज बना दिया है। सरकार की सुशासन कहीं नजर नहीं आ रही है। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर कई सवाल दागे हैं।

बैज ने कहा कि पांच दिन के अंदर में जगदलपुर में तीन बड़ी घटनाएं हुई हैं। मेन रोड से लगे घर में आरोपी घुसते हैं, और रहने वाले तीनों को बांधते हैं फिर हथियार से मार देते हैं। दो लोगों की मौके पर मौत हो जाती है। एक अस्पताल में भर्ती है। जगदलपुर की घटना निंदनीय है। इसके लिए पूरी तरीके से सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पर तंज कसते हुए कहा कि क्या यह सुशासन है या फिर जंगल राज है? उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा घेराव की तैयारी कर ली है।

दूसरी ओर कांग्रेस सरकार की रोका-छेका योजना बंद करने पर सवाल उठाए हैं। रोका छेका योजना को बंद करने पर दीपक बैज ने कहा कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कांग्रेस ने रोका छेका योजना शुरू की थी। विष्णुदेव साय की सरकार ने इन सभी योजनाओं को बंद कर दिया है। इसके चलते दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं। बैज ने भारतीय जनता पार्टी को इसकी जिम्मेदार ठहराया है।

# केन्द्रीय विद्यालय में प्रारंभ हुई खो-खो प्रतियोगिता में 17 स्कूलों के 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया

डोंगरगढ़(दावा)। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ में रायपुर संभाग द्वारा 9 जुलाई को 53वें तीन दिवसीय क्षेत्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य और उल्लासपूर्ण समारोह के साथ शुभारंभ किया गया। इस आयोजन मैं रायपुर संभाग के 17 केंद्रीय विद्यालयों के लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया।



प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि ऋषभ यादव रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी व वीएमसी सदस्य, विशिष्ट अतिथि के रूप में फादर मुक्तिप्रकाश सेंट विन्सेट पल्लोटी इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल डोंगरगढ़, एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य एसआर कुजूर द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थी की खेलों के प्रति रुचि बढ़ती है। साथ ही उन्होंने प्रतिभागियों को आशीर्वचन देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में प्राचार्य एसआर कुजूर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उद्घाटन समारोह में होने वाले कार्यक्रम ध्वजारोहण, मशाल प्रज्वलन एवं मार्च पास्ट के बारे में अवगत करवाया और कहा कि केंद्रीय विद्यालय संगठन के निर्देशों के अनुरूप केंद्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ में इस प्रतियोगिता के आयोजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा उद्घाटन समारोह में रंगारंग विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं एरोबिक (व्यायाम) का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह के बाद प्रतियोगिताएं शुरू हुई। जिसमें विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# बसंतपुर पुलिस ने धारदार चाकू लहराते हुए लोगों को डराने धमकाने वाले को धरदबोचा

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में धारदार लोहे का चाकू रखकर लोगों को डराने-धमकाने वाले आरोपी को धर दबोचा है। पुलिस ने उसे धारा 25 /27 आर्म्स एक्ट के तहत जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है।

आरोपी का नाम हेमंत उमरेडकर पिता सुधीर उमरेडकर उम्र 29 साल निवासी दीनदयाल कालोनी कमरा नंबर 298 थाना बसंतपुर बताया जाता है।

बता दें कि जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश व मार्गदर्शन में बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन के नेतृत्व में टीम गठित कर अपने थाना क्षेत्र मे अवैध शराब जुआ सटटा के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है तथा टीम का लगातार थाना क्षेत्र मे भ्रमण किया जा रहा है। भ्रमण के दौरान मुखबीर के सूचना के आधार बुधवार 10 जुलाई को आरोपी हेमंत उमरेडकर को आर.के. नगर रोड किलकारी पार्क बसंतपुर के पास धारदार लोहे का चाकू रखकर लहराते आने जाने वाले लोगो को डराने धमकाने पर पकड़ा गया और उनके विरूद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25,27 के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है।

### सूने घर में चोरों ने बोला धावा, नगदी व आभूषण गायब

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ के आदर्श नगर वार्ड नं. 20 में बीती रात चोरों ने सूने घर में बोलकर सोने-चांदी के गहने व नगदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के संबंध में प्रार्थी छन्नूलाल भगत (33 वर्ष) ने डोंगरगढ़ थाने में लिखित में शिकायत दर्ज कराई है। बताया जाता है कि छन्नूलाल अपने परिवार सहित बाहर गया हुआ था। इसी दौरान घर में चोरी हो गई। जब वह सपरिवार वापिस आया तो उसे घर का ताला टूटा हुआ मिला। घर में रखी आलमारी से सामान बिखरे हुये थे। चोरो ने उनके घर में रखे 6 लाख रूपए नगद व 26 तोला सोन-चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया है।

# श्री सुंदरकांड पाठ का कार्यक्रम संस्कारधानी नगरी में




राजनांदगांव (दावा)। श्री श्याम के दीवानों संग हनुमान भक्तों द्वारा वर्ष 2015 के पावन आषाढ़ पुरुषोत्तम मास से श्री सुंदरकांड पाठ का कार्यक्रम संस्कारधानी नगरी के अलावा प्रदेश एवं देश के अनेक हिस्सों में अनवरत रूप से चल रहा है, अभी वर्तमान में 17वीं माला के 106 पाठ पूर्ण हो चुके है, इस माला का 108वां पाठ अर्थात 1836वा श्री सुंदरकांड पाठ 14 जुलाई रविवार को बी.एन.सी. मिल स्थित श्री राम मंदिर में संपन्न होने जा रहा है। इस अवसर को यादगार बनाए जाने हेतु श्रीराम मंदिर, बी.एन.सी. मिल में संस्कारधानी नगरी, छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र प्रदेश के 108 जोड़े भक्तों द्वारा सामूहिक श्री सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। शाम 05:04 बजे व्यासपीठ पर राजेश-गणेश की जोड़ी विराजमान होकर 108 भक्त जोड़ों के साथ सामूहिक रूप से श्री सुंदरकांड पाठ करेंगे। रात्रि 8:01 बजे महाप्रसादी होगी, इससे पूर्व सुबह 9:00 बजे से श्री हनुमान जी का अभिषेक, पूजन, हवन एवं आरती की जाएगी। सभी हनुमान श्याम भक्तों एवं धर्मप्रेमियों से आग्रह है कि अपने प्रियजनों के साथ इस दिव्य एवं भव्य आयोजन में पधारकर हनुमत कृपा के पात्र बने।

# सांकरा धीरी की ओर पानी का संकट.... शिवनाथ एनीकट के 4 फाटक खोले गए

राजनांदगांव (दावा)। आषाढ़ मास लगे लगभग सप्ताह भर होने जा रहा है लेकिन जिले में जोरदार बारिश नहीं हो पाई है। बीच-बाच में कभी-कभार बारिश की हल्की बूंदे बरस कर लोगों को राहत देती है लेकिन भरपूर बारिश की आस लोगों की पूरी नहीं हो पा रही है। अच्छी बारिश नहीं होने से खेत-खार, नदी-नाले जलाशय आदि सब सूखे पड़े है। मानसून सक्रिय होने के बाद भी जिले में औसत से भी कम बारिश हुई है।

इससे लोगों को अभी से ही पानी की किल्लत झेलनी पड़ रही है। जिले के सांकरा-धीरी क्षेत्र के लगभग दो दर्जन गांवों को पानी की किल्लत से जुझ रहे है। उक्त समस्या को देखते हुए शहर की जीवन दायिनी शिवनाथ नदी के 4 गेट खोल दिए गए है। बता दे कि सोमनी सांकरा धीरी आदि क्षेत्र के लगभग दो दर्जन गांवों में शिवनाथ नदी ईरा से पेयजल की सप्लाई होती है। लेकिन नदी में पानी नहीं होने से क्षेत्र के गांवों में पानी की समस्या आ रही है। बताया जाता है कि शिवनाथ नदी ईरा के इंटकवेल के पास मात्र 2-3 दिन के लिए पानी शेष रहा। इसे देखते हुए शिवनाथ नदी से पानी देने के लिए नदी के चार गेट खोले गए है।

### मोंगरा से छोड़ा गया पानी

नगर निगम के ई-ई यूके रामटेके ने बताया कि 3-4 दिन पहले मोंगरा बांध से पानी छोड़ा गया था इससे एनीकट में काफी मात्रा में पानी भरा हुआ है। छोटा पुल लगभग डुबान के कगार में है। हो सकता है कि सोमनी ईरा क्षेत्र में पानी की किल्लत को देखते हुए शिवनाथ एनीकट से पानी छोड़ा गया हो। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों जल संसाधन विभाग को मोंगरा जलाशय से 1000 क्यूसेक पानी छोड़ने के लिए पत्र लिखा गया था। पानी छोड़े जाने के बाद शिवनाथ नदी में पानी का लेवल बढ़ा है। श्री रामटेके ने बताया कि बारिश नहीं हो रही है। इससे जिले के जलाशय सूखे पड़े है। इससे उसे डर लगने लगा है कि कही हमारे शहरवासियों की जीवन दायिनी नदी कही सूख न जाए यदि ऐसा होता है तो शहर सहित पूरे जिले वासियों को जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने जल संसाधन विभाग को जलाशयों में पानी रोककर रखने के लिए निवेदन किया है।

**○ जिले के लगभग सभी जलाशयों में नहीं भरा पर्याप्त पानी**
**○ जल्द ही बारिश की अपेक्षा... नहीं हुई तो जिलेवासियों को जल संकट का करना पड़ सकता है सामना**

### बहुत कम हुई है बारिश

बताते चले कि बीते पांच सालों में जिले में जुलाई के पहले सप्ताह तक 215 मिली लीटर बारिश दर्ज होती है लेकिन इस वर्ष अब तक मात्र 164 मिली लीटर ही बारिश हुई। बारिश नहीं होने से जिले की जीवनदायिनी नदी शिवनाथ सूख गई है वही जिले के प्रमुख जलाशयों के कमो-वेश यही हालात है। जल संसाधन विभाग की माने तो जिले के प्रमुख जलाशय मोंगरा बैराज में वर्तमान क्षमता के अनुरूप 0.65 प्रतिशत ही पानी शेष बचा है। सूखा नाला बैराज में क्षमता के अनुसार 0.03 प्रतिशत पानी शेष, घुमरिया नाला बैराज में क्षमता के अनुरूप 0.02 प्रतिशत पानी शेष और खातूटोला बैराज में क्षमता के अनुरूप 0.02 प्रतिशत ही पानी शेष है। इसकी वजह जिले में अब तक की औसत वर्षा से 26 प्रतिशत बारिश कम होना है। इधर जिले में कम बारिश होने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरे खीच गई है। हालांकि बोनी के बाद खेतों में धान चार इंच तक उग आया है लेकिन बारिश नहीं होने के कारण उसका बढ़वार नहीं हो पा रहा है। सिंचाई के साधन वाले जगहों में बोर आदि से पानी खीच कर फसल को मरने से रोका जा रहा है।

> बारिश नहीं हो रहा यह तो सही है लेकिन पानी आएगा जरूर। महाराष्ट्र की ओर से पानी आएगा। बारिश होगी तो मोंगरा जलाशय भरेगा। पिछले दिनों शिवनाथ के लिए पानी छोड़ा गया है।
>
> **- आफताब आलम सिद्धीकी**
> **कार्यपालन अभियंता**
> **जल संसाधन, मोंगरा बैराज**

# रॉयल कालेज की छात्रा वीणा तिवारी स्वर्ण पदक से सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। रायल कॉलेज बीएड 2023 बेच की छात्राध्यापक कु. वीणा तिवारी को पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय में संपन्न छठवें दीक्षांत समारोह में बीएड संकाय से राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, कुलपति की उपस्थिति में स्वर्ण पदक से सम्मानित होने पर रॉयल कालेज की अध्यक्ष डॉ.सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, डायरेक्टर संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय सिंह, श्रेयांस सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खण्डेलवाल, बरसर इन्द्र कुमार वैष्णव, प्राचार्य डॉ अनुराधा शुक्ला, उपप्राचार्य डॉ यामिनी साहू, डॉ संध्या महोबे, सहायक प्राध्यापक एम. एस. नारंग, रागनी सरजारे, घनेश्वरी साहू, सुनील भट्टाचार्य, शशिकला सिंह सहित समस्त कर्मचारियों द्वारा बधाई एवं शुभाशीष प्रदान किया गया, साथ ही विश्वविद्यालय के कुलपति, शिक्षा विभाग के प्रमुख एवं समस्त निर्देशकों, कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया है, जिन्होंने संस्था एवं छात्राध्यापक को इस काबिल बनाया।

# भू-दान की जमीन को शून्य घोषित करने की मांग मुख्यमंत्री से की



**जनदर्शन में सीएम को सौंपा ज्ञापन**

राजनांदगांव (दावा)। जिले की राजनांदगांव तहसील अंतर्गत ग्राम अंजोरा के ग्रामीणों ने भू-दान की गई जमीन को शून्य घोषित करने की मांग करते हुए अंजोरा के जनपद सदस्य तुलदास साहू एवं ग्रामीणों ने गुरुवार को रायपुर सिविल लाइन पहुंचकर मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम में सीएम विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंपा है। इसके अलावा राजनांदगांव कलेक्ट्रेट में आयोजित जनदर्शन में गांव के जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने संयुक्त हस्ताक्षर पत्र अंजोरा की भू-दान की गई जमीन के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले से सांसद संतोष पांडे से भी शिकायत की गई थी। श्री पांडे ने कलेक्टर को पत्र लिखकर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया था। सांसद के द्वारा वर्ष 2022 में निर्देश देने के दो साल बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की है। ग्रामीणों ने इस सम्बंध में महामहिम राज्यपाल के साथ उपमुख्यमंत्री द्वय के साथ राजस्व मंत्री से भी शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है।


विस्तृत जानकारी के अनुसार शासन द्वारा 572/3 रकबा 12.26 एकड़ भूमि को वर्ष 1969-70 मे नरेन्द्र बड़गू उर्फ कटार निवासी पचरी पारा दुर्ग को सरकारी पट्टेदार के रूप में दिया गया था। यह कि उक्त भूमि वर्ष 1979-80 में राजस्व रिकार्ड में पट्टेदार का नाम भूमिस्वामी दर्ज है। जिस संबंध में ग्रामवासियों द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से जांच करने का प्रयास किया कि उक्त भूमि भूमिस्वामी किस वर्ष व किन आधार पर तथा किस प्रक्रिया के तहत हुआ या प्रक्रिया के पालन में चुक के संबंध में जानने का प्रयास किया गया जिस पर पाया गया कि वर्ष 1963 से 1970 की नामांतरण पंजी में सरकारी पट्टेदार व्यक्ति द्वारा 1966-70 का लगान पटाने की अनुमति बाबत् आवेदन 27 फरवरी 1970 को तहसीलदार के नाम से दिया गया जो कि संलग्न है, की प्रमाणित प्रतिलिपि चाहा लेकिन तहसीलदार न्यायालय द्वारा अनुलब्धता की बात कहते हुये टाल दिया। जिस विषय में कलेक्टर को ग्रामवासियों द्वारा आवेदन दिया गया, जिस पर अभी तक कोई ठोस एवं न्यायोचित कार्यवाही नही किया गया। वर्तमान में उक्त भूमि अंजारा नेहरू नगर बाईबास रोड निर्माण होने से दो भाग में विभाजित हो गया है। नेहरु के पूर्व दिशा की ओर जो भूदान की जमीन के साथ शासकीय भूमि है उक्त खसरे की जमीन को मिलाई निवासी ओमप्रकाश सिंघानिया पिता द्वारकाजी सिंघानिया द्वारा खसरा नंबर 372/6 समतलीकरण कर बाउंड्रीवाल किया गया है साथ-साथ शासकीय भूमि रकबा लगभग 1.5 एकड़ भूमि को कब्जा किया गया है। उक्त संबंध में कलेक्टर राजनांदगांव को वर्ष 2022 में ग्रामवासियों एवं क्षेत्रीय प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त आवेदन दिया गया था। आवेदन पर कार्यवाही करवाते हुये कलेक्टर द्वारा टीम गठित कर सीमांकन करवाया गया। सीमांकन में शासकीय भूमि कर चिन्हींत किया गया था।

चिन्हांकीत करने के बाद भी आज पर्यन्त तक नहीं हटाया गया है। उक्त संबंध में क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडे द्वारा भी कलेक्टर को पत्र लिखकर कार्यवाही करने हेतु निर्देशीत किया गया है। उसके बावजुद भी कोई कार्यवाही नही किया गया है। कलेक्टर द्वारा ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि ग्राम सभा का अनुमोदन प्रस्तुत करने पर भू-दान की जमीन को निरस्त करने हेतू आश्वासन दिया गया। आश्वासन के परिपालन में ग्राम सभा द्वारा कलेक्टर को ग्राम सभा का अनुमोदन प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। अनेकों बार शिकायत करने के बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं किया गया। निवेदन है कि उक्त जमीन की संपूर्ण दस्तावेज निकलवाकर बारीकी से छान बीन करवा कर दोषी व्यक्तियों के ऊपर उचित कार्यवाही करते हुये भुदान की जमीन को शुन्य घोषित किया जाये। इस दौरान मुख्य रूप से अंजोरा के जनपद सदस्य तुलदास साहू, पंच हेमंत कुमार, पूर्व सरपंच शैलेश कुमार साहू, शांतीलाल साहू, पंच अनिता, लखनलाल, पंच उमा यादव, पंच गणेशिया साडू, भूषण दाष साहू, डेरहा राम सहित जनप्रतिनिधि एवं अंजोरा के समस्त ग्रामवासी ग्राम उपस्थित थे।

# धोखाधड़ी का शिकार हुए युवक ने की आत्महत्या

**मामला - पुलिस चौकी मोहारा के अंतर्गत आने वाले ग्राम करेला का**

डोंगरगढ.(दावा)। व्यवसाय में धोखाधड़ी का शिकार हुए युवक के आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मामला पुलिस चौकी मोहरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम करेला का है।




पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम करेला निवासी रोशन पिता नारद सेन उम्र 24 ने अपने घर में आत्महत्या कर ली।

मोहारा चौकी प्रभारी ढाल सिंग साहू ने बताया कि मृतक रोशन करेला मंदिर में नारियल प्रसाद का दुकान लगाया करता था। नटराज पेंसिल पैकिंग पैसे ने संबंधित उसके साथ धोखाधड़ी होने के कारण आत्महत्या कर ली और अपने पिता को पैसा लौटाने संबंधी बाते मृतक द्वारा अपने सुसाईड नोट में लिखी गई है। पुलिस ने शव का पंचनामा एवं पोस्टमार्टम कर मृतक के शव को परिजनों को सौपा। तत्पश्चात परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार किया गया।

## अनमोल दावा

***कर्म वो फसल है जिसे इंसान को हर हाल में काटना ही पड़ता है इसलिए हमेशा अच्छे बीज बोए ताकि फसल अच्छी हो !***

# मुस्लिम महिलाओं को भी अब तलाक के बाद मिलेगा भत्ता, सुप्रीम कोर्ट से मिला गुजारे का हक

भारतीय समाज में आज भी अधिकतर महिलाएं विवाह के बाद अपने पति पर निर्भर हैं। अगर किन्हीं स्थितियों में पति उन्हें छोड़ देता है, तो उनका भरण-पोषण मुश्किल हो जाता है। तलाकशुदा मुसलिम महिलाओं के लिए गुजारा भत्ता संबंधी सर्वोच्च न्यायालय का फैसला ऐतिहासिक है। न्यायालय ने कहा है कि हर महिला को गुजारा भत्ता पाने का अधिकार है, चाहे वह किसी भी धर्म की हो। दरअसल, अभी तक मुसलिम पर्सनल कानून के तहत तलाकशुदा महिलाओं का गुजारा भत्ता तय होता था। शरीअत कानून के मुताबिक इद्दत की अवधि तक ही तलाकशुदा महिला को गुजारा भत्ता दिया जा सकता है। इद्दत यानी तीन महीने की वह अवधि, जिसमें महिला किसी दूसरे के साथ विवाह नहीं कर सकती। मगर सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता की धारा 125 को सभी महिलाओं पर समान रूप से लागू करार देते हुए कहा कि इद्दत के बाद भी महिलाएं गुजारा भत्ते का दावा कर सकती हैं।

हैदराबाद उच्च न्यायालय ने एक मामले में फैसला दिया था कि पति अपनी तलाकशुदा पत्नी को गुजारा भत्ता दे। उसी फैसले को पति ने सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। उसकी दलील थी कि मुसलिम महिला (विवाह विच्छेद पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 के चलते, तलाकशुदा मुसलिम महिला दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता नहीं ले सकती। मगर सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया कि धर्मनिरपेक्ष कानून पर यह धारा आरोपित नहीं की जा सकती।

मुसलिम महिलाओं के गुजारा भत्ते संबंधी विवादों पर पहले भी अदालतें सहानुभूति पूर्वक विचार कर चुकी हैं। करीब दो वर्ष पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने फैसला दिया था कि तलाक के बाद महिला को पति से गुजारा भत्ता पाने का पूरा हक है। मद्रास उच्च न्यायालय ने स्पष्ट कह दिया था कि शरीअत काउंसिल कोई अदालत नहीं है और न उसे कानून बनाने का हक है, तलाकशुदा औरतों को अपने पहले शौहर से गुजारा भत्ता मिलना ही चाहिए। इसी साल बंबई उच्च न्यायालय ने कहा कि तलाकशुदा महिला अगर दूसरी शादी कर लेती है, तब भी वह अपने पहले पति से गुजारा भत्ता मांग सकती है। सर्वोच्च न्यायालय ने उन तमाम फैसलों पर अपनी मुहर लगा दी है। मुसलिम महिलाएं तीन तलाक और गुजारे भत्ते की परंपरा के कारण सदियों से अत्याचार सहन करती आ रही हैं। तीन तलाक के विरुद्ध कानून बन जाने से उन्हें काफी राहत मिली। अब तलाक के बाद दूसरे धर्मों की महिलाओं की तरह ही गुजारा भत्ता पाने का कानून स्थापित हो जाने के बाद उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसला के बाद जो महिलाएं गुजारा भत्ते के लिए पहल नहीं करती थीं, वे भी दावा पेश करेंगी। भारतीय समाज में आज भी अधिकतर महिलाएं विवाह के बाद अपने पति पर निर्भर हैं। अगर किन्हीं स्थितियों में पति उन्हें छोड़ देता है, तो उनका भरण-पोषण मुश्किल हो जाता है। जिन महिलाओं के कंधों पर बच्चों को पालने, पढ़ाने-लिखाने का बोझ है, उन पर तो जैसे मुसीबतों का पहाड़ ही टूट पड़ता है। बहुत सारी तलाकशुदा मुसलिम औरतें दुबारा शादी नहीं करतीं, इसलिए केवल इद्दत तक गुजारा भत्ता पाने से उनके जीवन की मुश्किलें दूर नहीं हो पातीं। फिर, जो महिलाएं दूसरा विवाह कर भी लेती हैं, जरूरी नहीं कि उससे उनके बच्चों का उचित भरण-पोषण हो ही जाए। असल सवाल है कि किसी महिला को केवल धर्म के आधार पर दूसरी महिलाओं से अलग क्यों माना जाना चाहिए। एक नागरिक के तौर पर हर महिला को समान अधिकार मिलना चाहिए। इस दृष्टि से सर्वोच्च न्यायालय का ताजा फैसला एक कल्याणकारी राज्य के कर्तव्यों के अनुकूल और सराहनीय है।

# कोरकोट्टी घटना का सच आँखों देखी घटना...

### कमलेश सिमनकर



पुलिस अधीक्षक श्री विनोद चौबे

पूरे प्रदेश को हिलाकर रख देनी वाली नक्सलवादी घटना का सच, प्रदेश की पहली नक्सलवादी घटना थी जिसमें हमने तात्कालीन एसपी शहीद विनोद चौबे सहित 29 जवानों को खोया था, 12 जुलाई 2009 का सुबह 7 बजे से 10 बजे तक का वह मंजर भुलाए नही भूल पाता हूँ, उस घटना क्रम का हिस्सा मैं रह चुका हूं, क्षत-विक्षप्त जवानों के शव देखकर पूरा शरीर सिहर उठा था। उन दिनों मैं रायपुर के एक दैनिक अखबार का संवाददाता हुआ करता था, साथ ही मेरे वरिष्ठ और पत्रकारिता के क्षेत्र में काफी सम्मानीय पत्रकार अतुल श्रीवास्तव जो एक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के संवाददाता थे, उनके साथ जुड़कर उनके लिए मैं कैमरा ऑपरेट करता था, उन दिनों, एनराइड मोबाइल नही होने के कारण वीडियों कैमरे और डीवी का उपयोग किया जाता था।

12 जुलाई 2009 को सुबह 7.30 बजे अतुल भाई का मुझे फोन आया, कि मदनवाड़ा में कुछ बड़ी घटना हो गई है, हमें तुरन्त निकलना है, महज 10 मिनट में मैं अपने कैमरे के साथ तैयार हो गया, अतुल भाई ने एक सूमो वाहन किराए से बुला लिया था, लगभग हम 8 बजे हम मानपुर के लिए निकल पड़े थे, रास्ते मे खबर आ रही थी कि नक्सलियों ने मानपुर और कोहका के बीच आधे किलोमीटर का एम्बुस लगा रखा है, हम पूरे घटनाक्रम को कवर करने के लिए बिना रास्ते मे रुके सीधे मौके पर पहुंचना चाह रहे थे, करीब 9.20 बजे के आसपास हम मानपुर पहुंच गए, हमें आगे जाने से रोक दिया गया, अतुल भाई सूमो में बैठे मानपुर रेस्ट हाउस के पर के लेफ्टाफ से विजुअल भेजने का काम कर रहे थे, और मैं, मोटर सायकल से स्थानीय पत्रकार के साथ छुपकर लगातार हो रहे फायरिंग को कैमरे में सूट करने निकल पड़ता था।

कोटकोट्टी से कोहका तक का मार्ग आधे कटे पेड़ों से बंद हो चुका था, हमे जो जानकारी मिल रही थी उससे पता चला कि नक्सलियों ने पहले मदनवाड़ा में शौच के लिए गए, दो जवानों को गोली मारी थी, जिससे वे शहीद हो गए थे, इस प्रकार से पुलिस को अपने एम्बुश में फंसाने की यह चाल थी, घटना के एसपी व्ही.के. चौबे जी भी मौके के लिए तत्काल निकल पड़े थे, चौबे साहब और हमारे बीच की दूरी महज 30 घण्टे की ही होगी, हमें बताया गया था, कि चौबे साहब एक बार कोरकोटटी से कोहका के बीच लगे नक्सलियों के एम्बुस से वापस आ चुके है, तब उनके ड्राइवर के पैर में गोली लगी थी, लेकिन उस के तत्कालीन आईजी मुकेश गुप्ता द्वारा फिर से उन्हें जाने कहा गया था।

उस समय मानपुर क्षेत्र में पैरामिल्ट्री फोर्स सीआरपीएफ तैनात थी और उसके कमांडेंड रणवीर सिंह थे, जिन्होंने अपना हेड क्वाटर राजनांदगाँव मुख्यालय में बना रखा था। बताते है, कि बैक स्पोर्ट के लिए बार-बार सीआरपीएफ के जवानों की मांग की जा रही थी, जवान जाने के लिए तैयार भी थे पर कमांडेंड का आदेश नहीं मिला। सूट के दौरान मैंने देखा एक एंटीलेण्डमाइन्स वाहन और एक ट्रक एम्बुस में फंसा हुआ है, नक्सलियों ने पूरा प्लान कई महीनों से तैयार कर करके रखा था, घटना के तीन दिन पहले उन्होंने एम्बुश तैयार किया, वहां जहां कोरकोटटी और कोहका के बीच सड़क किनारे की बड़ी चट्टानें थी और बीएसएनएल द्वारा केबल बिछाने के लिए नालियां खोद रखी थी, चट्टानों और नालियों को नक्सलियों ने गोरिल्ला वार की तर्ज पर उपयोग किया।

कोरकोट्टी और कोहका के बीच सड़क किनारे लगे पड़ों का नक्सलियों ने आधा-आधा काट रखा था, जैसे ही पुलिस पार्टी जो मोटर सायकल में सवार होकर अम्बागढ़ चौकी और मोहला से घटना स्थल पर पहुंची थी,नक्सलियों ने कोहका के समीप सड़क के बीचों-बीच लगे, बम को विस्फोट कर दिया, जिसके कम्पन से सड़क पर आधे कटे पेड़ गिर गए और रास्ता ब्लॉक हो गया, और पुलिस की मोटर सायकल पार्टी नक्सलियों के एम्बुश में फंस गई, नक्सलियों ने जवानों पर अंधाधुन फायरिंग कर दी।

एक भी जवान जीवित नहीं बच पाया, वही एंटीलेण्डमाइन्स में आईजी मुकेश गुप्ता और कुछ जवान छुप गए थे, घटना को देख उनकी निकले की हिम्मत नहीं हो पाई। लगभग 11.30 और 12 बजे के बीच जब नक्सली घटना को अंजाम देकर लौट गए तब आईजी मुकेश गुप्ता द्वारा एसपी विनोद चौबे जी के शहीद होने की पुष्टि की। लगभग 5 घण्टे चले इस मुठभेड़ में हमने तात्कालीन एसपी विनोद चौबे सहित 29 जवानों को खोया।

### आउट ऑफ टर्न प्रोमेशन

पूरे घटनाक्रम के दौरान जो पुलिस के जवान और अधिकारी मौके पर मौजूद थे, जिन्होंने केवल शहीदों के शवों को ट्रक्टर में डालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर में छोड़ा। उन्हें, छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया गया। जहां इस मुठभेड़ में हमने 29 जवानों को खोया। वहीं इतने बड़े घटनाक्रम में पुलिस ने एक भी नक्सली का शव बरामद नहीं किया।

शायद इसलिए कि घटना की सच्चाई मौके पर मौजूद जवान बाहर लीक न कर दे। उन दिनों प्रदेश में भाजपा की सरकार थी, और गृह मंत्री ननकीराम कंवर थे, घटना के दूसरे दिन देर शाम गृहमंत्री मानपुर के लिए रवाना हुए, लेकिन उनकी यात्रा केवल औपचारिक ही रही।

सामने विधानसभा सत्र शुरू होने वाला था विपक्ष कहीं सवाल ना खड़े करें, इसलिए उस समय के मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह घटना के एक सप्ताह बाद सत्र शुरू होने के दो दिन पहले पहुंचे। मौके पर मैं भी मौजूद था, मैंने देखा, सीएम डॉ. रमन सिंह को पूरी जानकारी सीआरपीएफ के कमांडेंड रणवीर सिंह दे रहे थे, जो उस पूरे घटनाक्रम में दूर-दूर नही थे, और ना ही रणवीर सिंह ने मानपुर में तैनात सीआरपीए के जवानों को बेक सपोर्ट के लिए भेजा।

### शहीद स्मारक

मुझे इस बात का अहसास तो था ही, किस इतनी बड़ी घटना के एक भी नक्सली ना मारा गया हो ऐसा हो नहीं सकता। 15 अगस्त को नक्सली मोहला और मानपुर क्षेत्र में काला झंडा फहराने की खबर मुझे मिली थी, मैं और अतुल भाई हम दोनों 14 अगस्त को ही रात में मोहला-मानपुर के लिए निकल पड़े थे, दूसरे दिन सुबह हम पेंदोडी, परवीडीह होते मानपुर जा रहे थे, तभी अचानक हमारी नजर परवीडीह के ऊंचे टीले पर पड़ी, हमने देखा वहां नक्सलियों ने एक शहीद स्मारक बनाकर रखा है, उस स्थान पर बॉस की बनी 5-6 चटाई रखी हुई थी, और स्मारक के आसपास इत्र की महक आ रही थी, इस्माकर भी नया बना ही लग रहा था, मुझे भांपने में थोड़ा भी समय नहीं कि हो ना हो कोरकोटटी मामले में जो नक्सली मारे गए होंगे, नक्सली उन्हें यहां दफनाए होंगे। खैर घटना को 15 साल होने जा रहे है, पूरे प्रदेश की पहली बड़ी घटना थी। सभी शहीद जवानों की शहादत के लिए आज भी आँखे नम है।

# रेल्वे में यात्री सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध करायें

पूर्व सैनिक स्टेशन सलाहकार सदस्य गुरमित सिंह भाटिया ने सरकार से यात्री सुविधाएं दिए जाने की मांग की है, जो इस प्रकार है।

1. सेफ्टी, सिक्योरिटी, पंक्चुअलिटी (संरक्षा, सुरक्षा, समयबद्धता) भारतीय रेल में संरक्षा, सुरक्षा, समयबद्धता तीनों न सिर्फ अपने आप में संपूर्ण बोध वाक्य है बल्कि भारतीय रेल की सबसे पहली प्राथमिकता है। ट्रेनों की समयबद्धता का पालन किया जाये।

2. वर्तमान सरकार ने कोरोना काल से वरिष्ठ नागरिकों को जो रेल किराये में छुट दी जाती थी उसे बंद कर दी गई है, देश का मतदाता अपना वोट देकर सरकार बनाता है, वरिष्ठ नागरिक जिन्दगी के अंतिम पड़ाव में है जहा वह अपनी यात्रा किसी धार्मिक, सामाजिक, आक्स्मिक व अन्य कारणों से यात्रा करना चाहता है परंतु आर्थिक तंगी के कारण वह इस सुविधा से वंचित हो जाता है। हर कोई वरिष्ठ नागरिकों से आशीर्वाद ही लेना चाहता है। वास्तविकता पूर्ववत सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों की यात्रा किराये में छुट की सुविधा बंद नही किये थे।

3. देश के समस्त सांसद, पति-पत्नी एवं एक सहयोगी को प्रथम वातानुकुलित में रेल यात्रा की सुविधा निःशुल्क दी जा रही है यहां तक पूर्व सांसद भी इसकी सुविधा ले रहें है।

4. समस्त मेल/सु.फा. एक्सप्रेस में आगे एवं अंत में तीन-तीन सामान्य श्रेणी के कोच लगाये जाये चूकि इनमें सफर करने वाले ये वही लोग है जो भीषण गर्मी, बरसात, ठंड के दिनों में अपने घरों से बाहर आकर मतदान करते है और सरकार बनाते है इसलिये सामान्य कोच आगे एवं अंत में लगाए जाए।

5. ट्रेन नं. 13287 साऊथ बिहार एक्सप्रेस को गोंदिया से एवं विदर्भ एक्सप्रेस ट्रेन नं. 12106 गोंदिया से मुम्बई को दुर्ग से परिचालन में लाई जाए।

6. लोकल मेमू ट्रेन नं.68707/68708 रायपुर-दुर्ग ट्रेन का विस्तारीकरण डोंगरगढ़ तक किया जाए। लोकल ट्रेनों में मोबाईल चार्जिंग प्वाईंट लगाया जाए। इस समय अंतराल में कोई भी लोकल ट्रेन की सुविधा नही है।

7. ट्रेन नं.0845/46 बिलासपुर से बीकानेर एक्सप्रेस। ट्रेन नं. 20843/44 बिलासपुर से भगत की कोठी एक्सप्रेस। ट्रेन नं. 12771/72 रायपुर से सिकंदराबाद एक्सप्रेस सु.फा.। ट्रेन नं. 12851/52 बिलासपुर से एम.जी.आर. चेन्नई सु.फा. इन समस्त ट्रेनों का स्टापेज डोंगरगढ़ स्टेशन में दिया जाए।

8. ट्रेन नं. 12811/12 हटिया-मुम्बई-हटिया सु.फा.। ट्रेन नं. 12768/67 संतरागाछी से हुजुर साहेब नादेड़ सु.फा. इन दोनों ट्रेनों का स्टापेज राजनांदगांव स्टेशन में दिया जाए।

9. रेल में यात्रा कोच के दरवाजे पर पांवदान में सफर करना रेल नियम में अपराध है जहा 3 महीने की सजा या 500/- रूपये जुर्माना या दोनों इसका अनुपालन होना चाहिये।

10. समस्त रेल कोच में कुड़ा दान रखा जाये चूकि गंदगी कही पर भी नहीं की जा सके उसके लिये गंदगी करने वालों पर भी जुर्माना करने का प्रावधान भी रेल्वे ने बनाया है।

11. ट्रेन में किसी भी जानवर को ले जाने का विधिवत नियम है परंतु प्लेटफार्म में मवेशी एवं कुत्तों का विचरण करना कभी भी देखा जा सकता है। जिसकी भी जवाबदेही है उससे निजात दिलाई जाए।

12. समस्त लोकल मेमू जो रद्द की गई है उसे परिचालन में लाई जाए विशेष कर ट्रेन नं. 08724 गोंदिया-रायपुर को अवश्य परिचालन में लाई जाए।

13. समस्त देश के स्टेशनों में रैम्पयुक्त एफ.ओ.बी. बनाये जाए चूकि प्रत्येक यात्री व्हीलयुक्त ट्रैवलिंग बैग लेकर सफर कर रहा है समय पर कुलियों का नही मिलने से निजात पाया जा सकता है।

14. ट्रेन नं. 08293/94 बिलासपुर-अमृतसर-बिलासपुर (वाय वीकली) क्लोन स्पेशल ट्रेन जो कि बिलासपुर से मंगलवार-शनिवार और अमतसर से गुरूवार-सोमवार को पांच फेरों में प्रचालन की जा रही है जिसका अंतिम फेरा 11.07.2024 को होना है। कृपया इस क्लोन स्पेशल ट्रेन को यथावत फेरों में नियमित प्रचालन में लाई जाए।

15. बांकल एवं राजनांदगांव स्टेशन के मध्य पेण्डी मेडिकल कॉलेज के पास लोकल मेमू/पैसेंजर ट्रेन का रन एण्ड स्टॉप 2 मिनट का स्टापेज दिया जाये। समस्त लोगों को मरीजों को लाने ले जाने एवं स्कूली बच्चों को आने-जाने की सुविधा मिलेगी।

समस्त विचार बिन्दुओं व लेख पर सभी बुद्धि जीवियों एवं यात्रियों ने भी अपनी सकारात्मक सहमति दी है। गुरमीत सिंह भाटिया ने महाप्रबंधक, द.पु.म.रेलवे बिलासपुर, सांसद संतोष पांडे सहित अन्य रेल अधिकारियों को भी सुविधाएं देने बाबत सूचित किया है।

## शब्द सामर्थ्य -115

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफिक्र, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 114 का हल



## राशिफल


**मेष**
आपके लिए आज का दिन शुभ है। आज आप जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निपटा सकते हैं। कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल भी रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। धैर्य और विनम्रता रखें । आपको अच्छा समाधान मिल सकता है।


**वृषभ**
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ो की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको कोई अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्तों में नयापन आयेगा। समाजिक कार्यो में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा।


**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज पुरानी देनदारी भी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिलेगी। आज पारिवारिक कार्यों में आपका पैसा लग सकता है।


**कर्क**
आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया वाला रहेगा। आज भाई या बहन से आपकी फोन पर बात होगी, जिससे आपको अच्छा लगेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। महिलाएं आज ऑनलाइन कोई नयी डिश सीखने की कोशिश करेंगी। पिता का सहयोग आपके साथ रहेगा।


**सिंह**
आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज आपको अपनी वाणी पर संयम बनाये रखना चाहिए। किसी बात को लेकर ज्यादा जिद्द करने से बचना चाहिए।


**कन्या**
आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपके कोर्ट-कचहरी के मामले थोड़े अटक सकते है, लेकिन समय रहते सब ठीक होगा । आज आप जो भी व्यापार शुरू करेंगें, उसमें सफलता हासिल होगी। आज आपको किसी दोस्त का भी सहयोग मिलेगा। आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी।


**तुला**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज किसी नए काम को शुरू करने से पहले पूरी योजना बनाएंगे और साथ ही माता-पिता से सलाह लेंगे। आज सरकारी कामों में नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देंगे तो आपको काम करने में आसानी होगी। आपकी वाणी की सरलता आपको मान-सम्मान दिलाएगी।


**वृश्चिक**
आज आपका दिन शानदार रहेगा। अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए आज आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं। संतान की ओर से आपको अच्छी खुशखबरी मिल सकती है। घर के किसी काम को लेकर आप कोई बड़ा फैसला कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी।


**धनु**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्ते के बारे में विचार करेंगे और योजना बनाएंगे। परिवार से जुड़ी कोई परेशानी खत्म होने के योग हैं।


**मकर**
आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना आपके लिए बेहतर साबित होगी। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। आज मार्केट एनालिसिस करना बेहतर होगा।


**कुंभ**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरु करेंगे वो समय पर पूरा हो जायेगा। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेगा। नये व्यापार को शुरू करने में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा । आप अपने बिजी दिन में से कुछ समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे, जिसमें उनके साथ खूब इंजॉय करते हुए नजर आएंगे।


**मीन**
आज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। हर कोई आप से राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा। किसी विशेष व्यक्ति से आज आपकी बात हो सकती है। आपको आर्थिक रूप से भी लाभ मिलेगा,धन के नये स्त्रोत प्राप्त होंगे। छोटे बच्चे आज बहुत खुश रहेंगे, वो अपने लिये कोई नया खेल तलाश करेंगें।

## सामयिक चर्चा

# घर में वाइफ की चलती है

महावृक्षारोपण अभियान
ग्यारह जुलाई 2024 पर
''एक पेड़ माँ के नाम -
फुल पेज का विज्ञापन पढ़कर
दामोदर 'हर सिंगार' का एक पौधा लेकर,
जल्दी-जल्दी घर से निकले,
तो उनके साथी पूछ उठे-
''सबेरे-सबेरे पौधा लगाने दामोदर!
जा रहे हो किधर?
दामोदर ने जरा रूककर कहा -
''भैया प्यारे मोहन! मेरी वाइफ
माँ के नाम से आंगन में
पौधा लगाने के लिए मना करती है।
दरअसल वाइफ की,
माँ से नहीं पटती हैं।
इसलिए वृद्धाश्रम में
पौधा लगाने जा रहा हूँ।''
चकित प्यारे मोहन कह उठे-
'वृद्धाश्रम ?'
दामोदर ने कदम बढ़ाते हुए कहा-
''हॉ भाई! क्या करूँ?
घर में वाइफ की ही चलती है,
तो माँ इन दिनों
वृद्धाश्रम में रहती है!


- गिरीश बख्शी

## कविता

# 'पढ़े बर इस्कुल जाबोन'

बस्तर खोलबोन, पेंसिल निकालबोन।
अकछर लिख देखलाबोन वो।
बासी हावे ते, देना वो दाई,
पढ़े बर इस्कुल जाबोन वो।।
क से कलम, द से दावात,
स से सैयानिक बन जाबोन वो,
बासी हावे ते देना वो दाई
पढ़े बर इस्कुल जाबोन वो।।
ख से खरगोश, म से मछरी
न से नलकुप, छ से छतरी।
भ से भगतसिंग बन जाबोन वो।
बासी हावे ते, देना वो दाई,
पढ़े बर इस्कुल जाबोन वो।।
ध से धनुस, ग गियानी।
र से रिसि, स से सुजानी।
गा से गांधी बन जाबोन वो।
बासी हावे ते, देना वो दाई,
पढ़े बर इस्कुल जाबोन वो।।


आंनदराम साहू
कु.बो.भाठागांव

# शिक्षक विहीन उमरवाही प्राथमिक शाला प्रभारी प्रधान पाठक के भरोसे




जोंधरा (दावा)। कहते हैं नींव जितनी मजबूत होगी भवन भी उतनी ऊंची बना सकते हैं परंतु यदि नींव कमजोर हो तो भवन कभी भी धरासाई हो सकता है शिक्षा के मामले में भी ऐसा ही कुछ है क्योंकि प्राथमिक शाला से ही विद्यार्थी अक्षर ज्ञान सीखना शुरू करता है पहाड़ा से लेकर अंक गणित सब कुछ प्राथमिक शाला में ही सिखाया जाता है, पर छुरिया विकासखंड के आश्रित ग्राम पंचायत उमरवाही प्राथमिक शाला इन दिनों पूरी तरह शिक्षक विहीन है। यद्यपि शिक्षा विभाग ने व्यवस्था बनाते हुए अन्यत्र पदस्थ शिक्षक को यहां प्रभारी प्रधान पाठक के रूप में अटैच किया हुआ है पर शिक्षण कार्य के लिए एक भी शिक्षक वर्तमान में उक्त शाला में पदस्थ नहीं है।

### तीन वर्षों से शिक्षक विहीन है प्राथमिक शाला

उमरवाही प्राथमिक शाला जिसकी स्थापना सन 1962 में हुई थी आज 62 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। लगभग 3500 की आबादी वाले ग्राम उमरवाही प्राथमिक शाला पिछले दो-तीन वर्षों से शिक्षक विहीन है सत्र 22-23 में क्षुनिया घरेन्द्र प्रधान पाठक के रूप में पदस्थ रही जो सन 2024 में सेवा नियुक्त हो गई। अकेले 5 कक्षाओं के लिए उन्होंने शाला प्रबंधन व स्वयं की वेतन राशि से अतिथि शिक्षकों के भरोसे दो वर्षों तक अध्यापन कार्य को गति प्रदान करते रही है।

### दो शिक्षकों की नितांत आवश्यकता

शाला में दर्ज संख्या के हिसाब से दो शिक्षकों की नियुक्ति आवश्यक है वर्तमान में शाला की दर्ज संख्या 54 हैं। दर्ज संख्या के हिसाब से एक प्रधान पाठक सहित दो सहायक शिक्षकों की नितांत आवश्यकता है। सरपंच गोरी बेगम, समाजसेवी लक्ष्मी चंद जैन, अनंत तिवारी, भागीरथी राणा, ठाकुर राम मुकेश भुवार्य, भगवानी राम भुवार्य आदि ने शासन से शीघ्र ही शाला में शिक्षक नियुक्ति की मांग की है।

# पुलिस अधीक्षक वाय पी सिंह ने जिले के पत्रकारों को तीन नवीन कानूनों के बारे में जानकारी दी गई



मोहला (दावा)। पुलिस अधीक्षक जिला मोहला मानपुर अ.चौकी वाय.पी. सिंह (आईपीएस) के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर (आईपीएस), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पिताम्बर पटेल के द्वारा दिनांक 11 जुलाई को पत्रकारों को नवीन कानूनों के संबंध में आवश्यक जानकारियों से अवगत् कराया गया। तीनों नवीन कानूनों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई, साथ की नवीन कानून के क्रियांवयन में पुलिस की भूमिका एवं कार्यप्रणाली के संबंध में भी पत्रकारों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में नए कानूनों के माध्यम से नागरिकों के अधिकारों की रक्षा और अपराधों की रोकथाम में महत्वपूर्ण सुधार, साइबर अपराध, डेटा सुरक्षा और तकनीकी धोखाधड़ी जैसे नए प्रकार के अपराध के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक बताया गया। साथ ही बताया गया कि इन नई संहिताओं को आधुनिक समय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। जिससे न्यायिक प्रक्रिया में स्पष्टता और निष्पक्षता आती है। यह संहिता नागरिकों को सरकारी तंत्र के किसी भी दुरुपयोग से बचाने के लिए कानूनी संरक्षण प्रदान करती है।

कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों को बताया गया कि नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए पहली बार जीरो एफआईआर की शुरुआत की गई है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन और प्रावधान शामिल किए गए हैं। जिसमें मौजूदा कानूनी ढांचे को अधिक संक्षिप्त और सरल बनाने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे आम नागरिक इसे आसानी से समझ सकें। जांच प्रक्रियाओं और न्यायिक कार्यवाही में आधुनिक तकनीकी उपकरणों और डिजिटल सबूतों के उपयोग को बढ़ावा दिया गया है साथ ही आरोपी और पीड़ित दोनों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई प्रावधान शामिल किए गए हैं।

उक्त कार्यक्रम में नवीन आपराधिक कानूनों में जोड़े गए नई धाराओं, पुराने कानून से हटाई गई धाराओं एवं आवश्यक परिवर्तनों की विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 ने भारतीय दंड संहिता 1860 को प्रतिस्थापित किया है, जिसमे 358 धाराओं को शामिल किया गया है। भा.दं.वि. के अधिकांश प्रावधानो को बनाये रखा गया है, नये अपराधों को पेश किया गया है, न्यायालय द्वारा बाधित धाराओं को समाप्त किया गया है और विभिन्न अपराधों के लिए दंड बढ़ाया गया है।

कार्यशाला में जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारगण उपस्थित थे जिन्हें इन तीन नवीन कानूनों को प्रिंट/इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से प्रचारित कर लोगों को जागरूक करने हेतु अपील किया गया।

## पहला कॉलम...

### ग्रामीण साहू समाज के मुखिया बालकिशन साहू के द्वारा अवैध कब्जा का आरोप



कल्लूबंजारी (दावा)। स्थानीय ग्राम की निवासी बालकिशन साहू जो ग्रामीण साहू समाज का अध्यक्ष है जिनके द्वारा जमीन हड़पने का मामला सामने आया है मिली जानकारी के अनुसार कल्लूबंजारी के रकबा 99 जिसका भुमि स्वामी रमेश कुमार साहू पिता कुंवरसिंग साहू निवासी ग्राम रीवागहन ने दिनाँक 20 जून 2023 को कौशिल्याबाई पति अगेश कुमार साहू निवासी ग्राम आंतरगाँव (डोंगरगांव) से जमीन खरीदा गया था। जब सुबह लगभग 09 अभी खरीफफसल की बुवाई कर रहा था तभी बालकिशन साहू और उनके छोटे भाई दिनेश साहू ने गाली गलोच कर जान से मारने की धमकी दे रहा था कि यह जमीन मेरा है तू इस जमीन पर फसल की बुआई नही कर सकता तब प्रार्थी ने उसके उक्त कृत्य से आहत हुआ है कि वह कभी भी मुझे हानि व क्षति पहुंचाने की कुचेष्ठा करेगा। कहा कि मैं कानून के पास जाऊंगा और रिपोर्ट दर्ज कराऊंगा. फिर भी उसने तूझे जो करना है करले जहाँ जाना है चले जा। फिलहाल प्रार्थी ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराया है मामले की जाँच पुलिस कर रही है।

#### बालकिशन साहू की मनमानी

प्रार्थी ने बताया कि जमीन का सौदा दिनाँक 20 जून 2023 को हुआ था तो पिछले वर्ष भी उनके द्वारा जबरदस्ती धान की परहा डाल दिया गया था लेकिन विक्रेता ने बताया कि मैं उस जमीन को बेच दिया हूँ अब वह जमीन क्रेता का हो गया है. तब क्रेता द्वारा खरीफ की फसल बुवाई किया गया, लेकिन 1 साल बाद इस वर्ष फिर बालकिशन साहू अपनी मनमानी पर उतर गया उसने इस वर्ष भी उसी जमीन पर धान की फसल की बुवाई कर दिया गया। इस तरह से ग्रामीण अंचल में छोटे किसानों के साथ जो बड़े रसुखदारों द्वारा डरा धमका कर छोटे किसानों के साथ बड़ी बत्तमीजी करते रहते है हमेशा दबाने की कोशिश करते रहते है कभी मेड़ मरम्मत के नाम से तो कभी खेत की लकड़ी के नाम से क्योंकि इन जैसे लोगों की गाँव में उनकी चलती है मैं तुम्हे देख लुंगा बेचारे छोटे किसान डर जाते है।

### भुरवाटोला में एसडीएम, एसडीओपी और थाना प्रभारी ने ली शांति समिति की बैठक

#### शहर में शांति एवं धार्मिक सौहार्द बनाए रखने के लिए दी गई समझाईस



डोंगरगढ़ (दावा)। शहर के वार्ड नंबर 20 स्थित अटल आवास (भुरवाटोला) में रिक्त शासकीय भूमि को लेकर विगत अनेक दिनों से मोहल्लेवासियों के दो पक्षों के बीच में वाद-विवाद एवं धार्मिक तनाव का महौल बना हुआ था। जिसे देखते हुए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने मोहल्ले में ही शांति समिति की बैठक आयोजित कर सभी से सौहार्द्र बनाए रखने की अपील की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्लेवासियों के मध्य वाद विवाद एवं धार्मिक तनाव को बढ़ते हुये देखकर बुधवार को खेमलाल वर्मा एसडीएम, आशिष कुंजाम एसडीओपी एवं निरीक्षक जितेद्र वर्मा थाना प्रभारी द्वारा भुरवाटोला में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें भुरवाटोला के सभी समुदाय वर्ग के प्रमुखजन, महिलायें, पुरूष एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि उपस्थित हुये।

#### दोनों पक्षों को दी गई समझाइस

बैठक में दो पक्षों के बीच शासकीय जमीन को लेकर उत्पन्न हुये विवाद के संबंध में आवश्यक चर्चा किया। जिस पर बैठक में उपस्थित सभी लोगों के सर्वसम्मति से उक्त विवादित भूमि को नगर पालिका के सहयोग से सार्वजनिक उपयोग हेतु जैसे- खेल मैदान, ओपन जिम आदि उपयोग हेतु विकसित करने का निर्णय लिया गया एवं लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर मोहल्ले में शांति व्यवस्था एवं धार्मिक सौहार्द बनाये रखने की अपील की गई साथ ही शांति व्यवस्था एवं धार्मिक सौहार्द्र बिगाड़ने वाले व्यक्तियों पर सक्त कानूनी कार्यवाही करने की हिदायत दी गई।

# तेंदुनाला शाला प्रबंधन समिति ने दिया न्योता भोज



डोंगरगांव (दावा)। बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण के अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सभी प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं में न्योता भोज परंपरा की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज व शालाओं के मध्य आपसी संबंध तालमेल में स्थापित करना इसी परंपरा को गति देते हुए विकासखंड डोगरगांव के प्राथमिक व माध्यमिक शाला तेंदुनाला में शाला प्रबंधन समिति ने कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों को पूर्ण न्योता भोज सोमवार को ग्रामीण माता जुड़वास त्यौहार के पावन पर्व पर करवाया।

न्योता भोज में बच्चों को खीर, पूरी, सलाद, पापड़ दिया गया।

उक्त कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य हंसराज सोनपिपरे, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार साहू, कौशल साहू, लेखुराम सिन्हा निराशा लाउत्रे, भुनेश्वरी साहू, लाकेशवारी सिन्हा, माधुरी नेताम, सुनीता ठाकुर, लीमन ठाकुर, अंजलि ठाकुर का विशेष योगदान रहा। उक्त आयोजन के लिए विशेष मार्गदर्शन प्रधानपाठिका सुरेखा बावरीया, प्रधानपाठक सोहन लाल साहू का रहा। शिक्षक अवशेष कुमार गुप्ता, स्मृति टेभूर्णे, कृष्ण कुमार साहू ने उक्त आयोजन हेतु शाला प्रबंधन समिति को आभार व्यक्त किये।

# भारती ने कार्यकर्ताओं के साथ भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए



डोंगरगढ़(दावा)। भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में शामिल होकर भाजपा प्रदेश महामंत्री रामजी भारती ने कार्यकर्ताओं के साथ भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लिया और क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। रथ यात्रा पर्व के अवसर पर शहर में भव्य रथ यात्रा निकाली गई थी। रथ यात्रा शहर के महावीर पारा, थाना चौक, नया बस स्टैंड, गोल बाजार से होते हुए बुधवारी पारा, रेलवे चौक, खंडूपारा, गोल बाजार से वापस मंदिर परिसर पहुंची। जहां भगवान श्री जगनाथ, बलभद्र व सुभद्रा की आरती पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया। रथयात्रा दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्तजन पहुंचे थे।

# नवीन शिक्षा सत्र 2024-25 के बेहतर शाला संचालन हेतु समीक्षा बैठक



डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड शिक्षा कार्यालय डोंगरगढ़ में आज दिनांक 10 जुलाई को शिक्षा सत्र 2024.25 के बेहतर शाला संचालन हेतु विकास खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कौर गरचा की अध्यक्षता एवं विकास खंड स्त्रोत समन्वयक इनायत अली की विशेष उपस्थिति में विकासखंड डोंगरगढ़ के समस्त संकुल समन्वयकों की बैठक ली गई। जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा पूर्व सत्र की भांति नये शिक्षा सत्र में भी उत्कृष्ट परिणाम की प्राप्ति के उद्देश्य से बेहतर शाला संचालन हेतु एजेण्डावार जैसे शासन द्वारा निर्धारित समयावधि में शाला का संचालन शाला एवं किचन शेड की स्वच्छता, विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक वितरण उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 15 जुलाई तक डोर टू डोर सर्वे एवं शिक्षार्थी एवं स्वयंसेवी का आनलाईन पंजीकरण मुख्यमंत्री शाला जतन योजना अंतर्गत निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की समीक्षा गुणवत्ता युक्त मध्याह्न भोजन न्योता भोजन यु डाईस प्लस में प्रोगेशन एण्ट्री अंगना म शिक्षा शाला विकास एवं प्रबंधन समिति की नियमित बैठक नियमित शिक्षक पालक बैठक, छात्रवृत्ति पोर्टल में एण्ट्री सायकल वितरण एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत सभी शालाओं में वृक्षारोपण प्रार्थना सभा में शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति का फोटोग्राफ्स एवं गूगल शीट में एण्ट्री बैगलेश डेओण्डीण् फण्मित्र स्वच्छता अभियान स्मार्ट टीवी का नियमित संचालन जाति एवं निवास प्रमाण पत्र इंस्पायर अवार्ड पंजीकरण शालाओं के बाहरी दीवार पर उल्लेखित जिला एवं विकास खंड स्तरीय उच्चाधिकारियों के नाम एवं मोबाइल नं अपडेशन समय सारिणी के आधार पर अध्यापन कार्य माध्यमिक एवं उच्चतर विद्यालय हेतु सेनेटरी पैड शाला की नियमित साफ-सफाई एवं मौसमी जहरीले कीड़े मकोड़ों से बचाव एवं सावधानी पर चर्चा, कार्य निष्पादन आयरन टेबलेट वितरण एवं नियमित पंजी संधारण अवकाश के संबंध में उचित दिशा निर्देश गणितीय एवं भाषायी कौशल, एफएलएन के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विद्यार्थी विकास सूचकांक का प्रदर्शन कक्षा 1 से 8 तक विद्यार्थी विकास सूचकांक का प्रदर्शन शिक्षक दैनंदिनी का नियमित संधारण मध्याह्न भोजन योजना की नियमित आनलाईन एण्ट्री एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी संकुल समन्वयकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सभी संकुल के कुशल नेतृत्वकर्ता हैं और आप सभी के कुशल नेतृत्व में ही विकासखंड प्रत्येक क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता को प्राप्त करने में सफल रहा है। बैठक में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक इनायत अली द्वारा नियमित शाला अवलोकन एवं बेहतर शाला संचालन के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश एवं सुझाव दिए गए। बैठक में विकासखंड डोंगरगढ़ के शत् प्रतिशत संकुल समन्वयकों की उपस्थिति रही।

## खुज्जी विधानसभा स्तरीय मतदाता सम्मान समारोह अम्बागढ़ चौकी में आयोजित




अम्बागढ़ चौकी (दावा)। भाजपा खुज्जी विधानसभा स्तरीय मतदाता सम्मान समारोह का आयोजन अम्बागढ़ चौकी के टाउन हॉल में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पांडे, पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष मदन साहू, जिला महामंत्री दिलीप वर्मा, जिला महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, एम.डी.ठाकुर, चंद्रिका प्रसाद डडसेना, हीरेन्द्र साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुवे सम्मान किया गया व वरिष्ठ भाजपा नेताओं एवं नव मतदाताओं का सम्मान किया गया, कार्यक्रम को सांसद संतोष पांडे ने सम्बोधित करते हुए कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया, उक्त कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष मदन साहू, संजीव शाह, एम.डी.ठाकुर, जगजीत सिंह भाटिया ने भी सम्बोधित किया।

उक्त कार्यक्रम में समस्त तीनों मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, बोधन सह, अजय पटेल, प्रदेश भाजयुमो मंत्री आलोक श्रोती, जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर खण्डेलवाल, रमेश हिडामे, जिला मंत्री पवन गुप्ता, जिला मंत्री कैलाश शर्मा, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती कमलेश सारष्वत, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा रियाजुद्दीन राजू कुरैशी, पूर्व जिला मंत्री राजेश सिंगी, पूर्व मंडल अध्यक्ष ढालसिंह कौशिक सहित समस्त जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, समस्त मोर्चा पदाधिकारी एवं बुथ पदाधिकारी, मतदाता सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने किया स्वच्छातागृही दीदीयों का सम्मान



मोहला (दावा)। कलेक्टर एस.जयवर्धन ने गत दिवस स्वच्छातागृही दीदीयों को सम्मानित किया। कलेक्टर ने इन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका मान बढ़ाया। जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी, जनपद पंचायत अं.चौकी अन्तर्गत आकाश स्व-सहायता समूह आतरगांव से श्रीमती दीपक बाई निर्मलकर, शैलेन्द्री बाई भुआर्य व मणीकंचन स्व-सहायता समूह चिल्हाटी से श्रीमती ललीता बाई, धनकुवंर बाई स्वच्छातागृही दीदीयों को डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण एवं ग्राम को स्वच्छ रखने, ओ.डी.एफ.प्लस मॉडल के स्थायित्व बनाये रखने के लिए किये गये उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया गया है। स्वच्छता के संबंध में स्वच्छता दीदीयों से चर्चा किया गया।

## महरूम विद्यालय परिसर में किया गया पौधारोपण



डोंगरगांव (दावा)। अंचल के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला महरूम में स्काउट गाइड के बच्चों एवं स्काउट गाइड के शिक्षकों द्वारा 07 जुलाई को शाला परिसर में पौधों का रोपण किया गया और स्काउट गाइड के शिक्षकों और बच्चों द्वारा शाला के बच्चों एवं अन्य बच्चों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में स्काउट मास्टर दाताराम निषाद, दुलार सिंह ठाकुर, राजेश मेश्राम, गाइड प्रभारी सुश्री फुलेता कोर्राम एवं रोवर लीडर कौशल कुमार साहू व रेंजर लीडर कीर्ति साहू और गणमान्य नागरिक का इस अभियान को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया। उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन में स्काउट गाइड मास्टर /रोवर रेंजर लीडर विकास सचिव छुरिया डेहर लाल साहू एवं प्राचार्य शा उ मा शा महरुम श्रीकुमार, सिन्हाजी व समस्त स्टाफ की महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मंडला उपकेन्द्र में 3.15 एम.व्ही.ए. के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर को किया गया ऊर्जीकृत



राजनांदगांव/खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अन्तर्गत खैरागढ़ जिले के ग्रामीण अंचलों में समुचित वोल्टेज पर निर्बाध व गुणावत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विद्यमान उपकेन्द्रों में स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में अमलीपारा उपसंभाग के अन्तर्गत ग्राम मंडला में विद्यमान 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र में 3.15 एम.व्ही.ए. के अतिरिक्त नये पॉवर ट्रांसफार्मर को स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया। इस प्रकार मंडला उपकेन्द्र की क्षमता 5 एम.व्ही.ए. से बढ़कर 8.15 एम.व्ही.ए. हो गई है। इस अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर के लग जाने से लगभग 20 ग्रामों में विद्युत प्रदाय की स्थिति और बेहतर हो गई है।

**○ इसके क्रियाशील हो जाने से 20 ग्रामों के कृषक उपभोक्ताओं एवं ग्रामीण जनों को होगा लाभ**

विद्युत कंपनी के उच्चाधिकारियों के अथक प्रयासों से विद्युत विकास के लिए स्वीकृत इस कार्य से मंडला उपकेन्द्र के परिधि में आने वाले अनेक गांवों के किसानों तथा उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। खैरागढ़ संभाग के कार्यपालन अभियंता अशोक कुमार द्विवेदी ने बताया कि मंडला उपकेन्द्र में स्थापित 3.15 एम.व्ही.ए. के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकरण से ग्राम मंडला, खैरबना, डोकराभाठा, टेकाडीह, बाजगुड़ा, इतिकसा, भूरसाटोला, खौंघा, पिरचाटोला, पासलखैरा, केसला, बड़गड़ा, मालूद एवं केरबोरी के लगभग 3400 उपभोक्ताओं को उच्चगुणवत्ता की विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा। इस कार्य को सफलतापूर्वक किये जाने पर मुख्य अभियंता टी.के. मेश्राम एवं अधीक्षण अभियंता के.सी. खोटे ने कार्यपालन अभियंता ए.के. द्विवेदी, ए.डी. टंडन, एम.के. साहू, सहायक अभियंता के.के. सुनहरे, एस. पी. ठाकुर सुश्री ममता कर्मकार और उनकी टीम को बधाई दी है।

# पहला कॉलम...

## मानसून पिकलबॉल चैंपियनशिप का दूसरा सीजन 20 अगस्त से

मुंबई, 11 जुलाई। मानसून पिकलबॉल चैंपियनशिप का दूसरा संस्करण 20 से 25 अगस्त तक यहां आयोजित किया जाएगा, जिसमें 800 प्रतिभागियों के कुल 47 श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद है। चैंपियनशिप में कुल 100,000 अमेरिकी डॉलर (करीब 1 करोड़ रुपये) की पुरस्कार राशि है, जो ओपन प्रो, 19+ इंटरमीडिएट, 30+ ओपन, 40+ ओपन, 50+ ओपन, 18+ ओपन, 60+ ओपन, स्प्लिट एज 35+ से लेकर 47 श्रेणियों में सभी प्रतिभागियों के लिए उपलब्ध होगी। पीपीए टूर पर पूर्व विश्व नंबर 2, जोसलीन %जे% डेविलियर्स, जिन्हें अक्सर फ्लाइंग फ्रेंचमैन के रूप में जाना जाता है, तीनों डिवीजनों में खेल के शीर्ष पर पहुंच गए हैं। उन्होंने खुद को देखने के लिए सबसे उग्र और रोमांचक खिलाड़ियों में से एक साबित किया है और वे टूर पर सबसे लोकप्रिय पेशेवर पिकलबॉल खिलाड़ियों में से एक हैं और मानसून पिकलबॉल चैंपियनशिप 2.0 में प्रतिभा और प्रतिभा लाएंगे।

## हरियाणा सरकार ने युजवेंद्र चहल का किया सम्मान

नई दिल्ली। भारतीय टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल मैच में साउथ अफ्रीका को 7 रन से मात दी और 17 साल के लंबे इंतजार के बाद टी20 विश्व कप की ट्रॉफी अपने नाम की। चैंपियन बनने के बाद भारतीय खिलाड़ियों को अलग-अलग राज्यों में मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। इस बीच भारत के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को 11 जुलाई 2024 को गुरुग्राम में हरियाणा के सीएम नायब सिंह से सम्मान मिला। उन्होंने चहल को एक खास तोहफा दिया है, जिसका वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, भारतीय क्रिकेट टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब अपने नाम किया। 29 जून को बराबाडोस की सरजमीं पर दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब अपने नाम किया था। स्टार स्पिनर युजवेंद्र चहल 15 सदस्यीय भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा रहे थे, जिसके चलते उन्हें हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने सम्मान किया है। सीएम नायब सिंह गुरुग्राम दौरे पर है, जहां उनसे मिलने चहल अपने परिवार के साथ पहुंचे थे।

## पाकिस्तान में सऊदी एयरलाइंस के प्लेन में लगी आग

पेशावर। पाकिस्तान के पेशावर हवाईअड्डे पर उतरते समय सऊदी एयरलाइंस की फ्लाइट स्ङ्क792 में आग लग गई। लैंडिंग गियर में दिक्कत की वजह से टायर में आग लग गई। आग लगने के बावजूद किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फ्लाइट में सभी 276 यात्री और 21 चालक दल के सदस्य मौजूद थे। हालांकि, टायर फटने की जानकारी मिलने के बाद यात्रियों में अफरातफरी मच गई। सभी यात्रियों को इमरजेंसी दरवाजे से बाहर निकाला गया। नागरिक उड्डयन प्राधिकरण और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने आग पर काबू पा लि

## बस और पिकअप के बीच जोरदार टक्कर, 11 लोगों की मौत

तुगुएगाराव। उत्तरी फिलीपींस के कागायन प्रांत में गुरुवार तड़के बस और एक पिकअप (ट्रक) की टक्कर हो गई। इस सड़क दुर्घटना में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। दुर्घटना के कारण ट्रक लगभग 20 मीटर तक घसीटी गई, जिसकी वजह से यात्री सड़क पर गिर गए। जानकारी के मुताबिक, ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि एक राहगीर, दो यात्री, बस चालक और उसके सहायक को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस प्रमुख मेजर ने बताया कि छोटे ट्रक (पिकअप) को बस ने टक्कर मार दी। पिकअप नियंत्रण खोने के बाद अबुलुग शहर में सड़क किनारे एक खाने की दुकान से जा टकरा गई। उन्होंने कहा कि यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि दुर्घटना के लिए कौन जिम्मेदार है। फिलीपींस में यातायात कानूनों के कमजोर कार्यान्वयन की वजह से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होते रहती है।या। वहीं, इस घटना की चांल चल रही है।

## फिलीपींस में भूकंप से कांपी धरती

नई दिल्ली। फिलीपींस में 7.1 तीव्रता के जबरदस्त भूकंप से धरती हिल गई. भूकंप स्थानीय समयानुसार गुरुवार सुबह 10¬13 बजे पर आया. भूकंप का केन्द्र 722 किलोमीटर की गहराई पर था, जो तटीय शहर पालेमबांग से लगभग 133 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में था. इतने भीषण भूकंप के झटके लोगों नें दहशत फैल गई. झटके महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए. सिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिक, भूकंप विज्ञान संस्थान ने कहा कि गुरुवार सुबह स्थानीय समयानुसार सुबह 10.13 भूकंप आया. देश के दूसरे सबसे बड़े द्वीप मिंडानाओ के आस-पास के प्रांतों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए.

# हरभजन ने गेंद से मचाया कोहराम, 4 विकेट लेकर तोड़ी अफ्रीका की कमर; सेमीफाइनल में भारत

**नई दिल्ली। वर्ल्ड चैंपियंशिप ऑफ लीजेंड्स 2024 के 15वें मैच में साउथ अफ्रीका चैंपियंस का सामना इंडिया चैंपियंस से हुआ, जिसमें साउथ अफ्रीका को 54 रन से हार मिली। मैच में इंडिया चैंपियंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए साउथ अफ्रीका चैंपियंस ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 210 रन का स्कोर बनाया।**



लावा रिचर्ड ने 60 रन की पारी खेली। इसके बाद 211 रन का पीछा करते हुए इंडिया चैंपियंस की टीम 156 रन ही बना सकी। मैच में भले ही इंडिया चैंपियंस की टीम को हार मिली हो, लेकिन हरभजन सिंह ने गेंद से कोहराम मचाते हुए 4 विकेट झटके।

दरअसल, पहले बैटिंग करते हुए साउथ अफ्रीका चैंपियंस की शुरुआत खराब रही। रियान 13 गेंदों पर 20 रन बनाकर आउट हुए। जैक्स स्नीमन ने 43 गेंदों का सामना करते हुए 73 रन बनाए। रिचर्ड लेवी ने 60 रन की पारी खेली। उनके अलावा कोई भी बैटर कुछ खास परफॉर्म नहीं कर सका। वहीं, इंडिया चैंपियंस की तरफ से हरभजन सिंह ने गेंद से कोहराम मचाया और कुल 4 ओवर में 25 रन देकर 4 विकेट लिए। उनके अलावा पवन नेगी, धवल कुरकर्णी, विनय कुमार, युसूफ पठान को एक-एक सफलता मिली। 211 रन का पीछा करते हुए इंडिया चैंपियंस की टीम की तरफ से रोबिन उथप्पा 23 रन बनाकर आउट हुए। नमन ओझा 5 रन ही बना सके। सुरेश रैना ने 21 रन की पारी खेली। युसूफ पठान ने 44 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 54 रन की पारी खेली। इरफान पठान ने 35 रन बनाए। इस तरह इंडिया चैंपियंस 6 विकेट खोकर 156 रन ही बना सकी।

## विंबलडन सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच से दो-दो हाथ करने के लिए तैयार लोरेंजो मुसेट

नई दिल्ली। वर्ष के तीसरे ग्रैंड स्लैम विंबलडन में इटली में सभी की निगाहें जानिक सिनर पर थीं, लेकिन यह लोरेंजो मुसेटी हैं जिन्होंने सेमीफाइनल में पहुंचकर और 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच के साथ मुकाबला करने की देश की उम्मीदों को जिंदा रखा है. ऑस्ट्रेलियाई एलेक्स डी मिनौर के चोट के कारण नाम वापस लेने के बाद जोकोविच सेमीफ़ाइनल में पहुंचे हैं. बुधवार को मुसेटी ने अपने करियर का अब तक का संभवतः सर्वश्रेष्ठ ग्रैंड स्लैम प्रदर्शन करते हुए टेलर फ्रिट्ज़ को 3-6, 7-6(5), 6-2, 3-6, 6-1 से हरा दिया. ऐसा करने पर, 22 वर्षीय खिलाड़ी इवेंट के इतिहास में केवल चौथा इतालवी पुरुष एकल सेमीफाइनलिस्ट बन गया.



मंगलवार को वर्ल्ड नंबर 1 सिनर के दानिल मेदवेदेव से हारने के बाद भी, मुसेटी ने अपने पहले प्रमुख क्वार्टरफाइनल में उत्कृष्ट और संयमित प्रदर्शन के साथ इतालवी टेनिस की ताकत की तुरंत याद दिला दी. 25वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने ग्रास-कोर्ट के एक विशिष्ट प्रतिद्वंद्वी को चकमा देने के लिए अपने स्लाइस बैकहैंड का शानदार इस्तेमाल किया और जोकोविच के साथ अंतिम-चार मुकाबले की तैयारी कर ली. दो बार के एटीपी टूर टाइटलिस्ट मुसेटी ने तीन घंटे, 27 मिनट में यह मुकाबला जीता. ऑल-इंग्लैंड क्लब के नंबर 1 कोर्ट पर अपनी पहली उपस्थिति में मुसेटी की जीत की नींव उनकी सर्विस थी. म

# कोलंबिया ने उरुग्वे को हराकर कोपा अमेरिका फाइनल में जगह बनाई

नई दिल्ली। कोलंबिया ने उरुग्वे को 1-0 से हराकर 28 मैचों से अपना अजेय क्रम जारी रखा और बुधवार देर रात कोपा अमेरिका फाइनल में जगह बनाई. कोलंबिया रविवार को हार्ड रॉक स्टेडियम में अर्जेंटीना के साथ ग्रैंड फाइनल में खेलने के लिए मियामी गार्डन्स की ओर बढ़ रहा है, जबकि उरुग्वे शनिवार को बैंक ऑफ अमेरिका स्टेडियम में कनाडा के साथ खेलने के लिए शार्लोट में ही रहेगा, जहां तीसरा स्थान निर्धारित होगा.



पहले 10 मिनट में दो दिग्गज खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को सावधानी से परखा, जिसके परिणामस्वरूप केवल एक शॉट लगा. कोलंबिया के पास पहला बड़ा मौका बनाने की अधिक संभावना थी, लेकिन उरुग्वे के डार्विन नुनेज इसके करीब पहुंच गए. नुनेज ने पेनल्टी क्षेत्र में कई कोलंबियाई डिफेंडरों को पीछे छोड़ते हुए निचले बाएं कोने में एक शक्तिशाली शॉट मारा, जो बाल-बाल चूक गया. कई मौकों के बावजूद, उरुग्वे के स्ट्राइकर गोल नहीं कर सके.

ब्राजील के खिलाफ चोट के कारण सेंटर बैक रोनाल्ड अराउजो को खोने के बाद, उरुग्वे को एक और झटका लगा, जब 35वें मिनट में रोड्रिगो बेंटानकुर चोटिल हो गए और उनकी जगह गिलर्मो वरेला को मैदान में उतारा गया. 40वें मिनट में, कोलंबिया ने आखिरकार जेम्स रोड्रिगेज की सेट-पीस डिलीवरी के जरिए गोल किया, जिससे हेडर से गोल हो गया. रोड्रिगेज के कॉर्नर पर जेफरसन लेर्मा ने गेंद को रोशेट के नजदीक पोस्ट में पहुंचाया.

यह गोल कोलंबिया के कप्तान के लिए एक मील का पत्थर साबित हुआ, क्योंकि उन्होंने अपने छठे गोल के साथ लियोनेल मेस्सी के एक टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा असिस्ट करने के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

# आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगी भारतीय टीम

नईदिल्ली। टी 20 विश्व कप 2024 के बाद आईसीसी का अगला इवेंट आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 हैं. ये मेगा इवेंट पाकिस्तान में आयोजित होना है. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस आयोजन की तैयारी कर रहा है. इसी बीच बीसीसीआई ने उसे बड़ा झटका दिया है. रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई भारतीय टीम को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान नहीं भेजेगी. बोर्ड आईसीसी से इस विषय में अपनी अलग मांग रखेगा.



रिपोर्ट के मुताबित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) आईसीसी से मांग करेगा कि चैंपियंस ट्रॉफी के उसके मैच दुबई या श्रीलंका में आयोजित कराएं जाएं. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के इस कदम से पाकिस्तान बोर्ड को बड़ा झटका लग सकता है. बता दें कि बीसीसीआई से सुरक्षा कारणों की वजह से लंबे समय से भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान भेजने से इनकार करती रही है और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी उसका यही स्टैंड रहने वाला है.

बता दें कि एशिया कप 2023 का होस्ट पाकिस्तान था लेकिन बीसीसीआई द्वारा भारतीय टीम को पाकिस्तान नहीं भेजे जाने के कारण ये टूर्नामेंट में हाईब्रिड मॉडल में खेला गया था. सिर्फ 4 मैच पाकिस्तान और 9 मैच श्रीलंका में खेले गए थे. भारतीय टीम श्रीलंका को हराकर एशिया कप 2023 की चैंपियन रही थी. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन फरवरी-मार्च के महीने में पाकिस्तान में होना है. इस टूर्नामेंट में 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं. भारत, पाकिस्तान के अलावा बांग्लादेश, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड इसमें भाग लेने वाली हैं.

# आखिरी मिनट में नीदरलैंड को हराकर फाइनल में पहुँची इंग्लैंड

नईदिल्ली। इंग्लैंड ने यूरो कप 2024 के फाइनल में जगह बना ली है. नीदरलैंड के खिलाफ हुए रोमांचक सेमीफाइनल में इंग्लैंड ने 2-1 से जीत दर्ज कर फाइनल का टिकट कटाया. मैच में इंग्लैंड की शुरुआत आत्म विश्वास भरी नहीं रही थी. नीदरलैंड ने जावी सिमंस के गोल से मैच में शुरुआती बढ़त लेते हुए इंग्लैंड पर दबाव बना लिया था. लेकिन जैसे जैसे मैच आगे बढ़ा इंग्लैंड की पकड़ मजबूत होती गई.



स्पेन से 14 जुलाई को होगी खिताबी जंग

शुरुआती मिनटो में पिछड़ने के बाद इंग्लैंड ने मजबूत वापसी की. इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन ने पेनल्टी को गोल में बदलते हुए 1-1 से बराबरी कराई. इसके बाद निर्धारित समय में दोनों टीमों के जोरदार संघर्ष हुआ लेकिन दूसरा गोल न इंग्लैंड कर सकी और न ही नीदरलैंड. इसके बाद मैच अतिरिक्त समय में चला गया. इसका फायदा उठाते हुए वॉटकिंस ने बेहतरीन गोल कर इंग्लैंड को 2-1 से जीत दिला दी.

फाइनल में इंग्लैंड का मुकाबला स्पेन से होगा. स्पेन ने फ्रांस को हराकर फाइनल में जगह बनाई है. यूरो कप के इतिहास में स्पेन ऐसी पहली टीम बन गई है जो लगातार 6 मैच जीतते हुए फाइनल में पहुंची है. फाइनल मैच बर्लिन में 74,000 की क्षमता वाले स्टेडियम में 14 जुलाई को स्थानिय समयानुसार 9 बजे शुरु होगा. भारत में इसका प्रसारण 15 जुलाई को 12¬30 पूर्वाह्न से होगा. इंग्लैंड की टीम लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंची है. यूरो कप 2021 का फाइनल भी इंग्लैंड ने खेला था. तब उसे इटली से हार का सामना करना पड़ा था. इंग्लैंड ने 1966 के बाद से कोई बड़ी ट्रॉफी नहीं जीती है. इसलिए वो फाइनल मैच जीतकर 58 साल से चले आ रहे खिताबी सूखे को खत्म करना चाहेंगे. स्पन ने अपना आखिरी यूरो कप 2012 में इटली को 4-0 से हराकर जीता था.

# अदाणी समूह को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, गुजरात सरकार को अभी नहीं लौटानी पड़ेगी 108 हेक्टेयर जमीन

नई दिल्ली । अदाणी समूह को बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को गुजरात हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें राज्य सरकार से अदाणी पोर्ट्स और एसईजेड को आवंटित 108 हेक्टेयर जमीन वापस लेने को कहा गया था। जस्टिस बी.आर. गवई और के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने ये फैसला सुनाया। गुजरात सरकार द्वारा करीब 108 हेक्टेयर जमीन वापस लेने के खिलाफ अदाणी पोर्ट्स ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने अब इस मामले पर गुजरात सरकार से जवाब मांगा है।



यह जमीन कच्छ जिले में मुंद्रा बंदरगाह के पास स्थित है। मामला 2005 का है, जब अदाणी पोर्ट्स को 108 हेक्टेयर जमीन आवंटित की गई थी। 2010 में जब अदाणी पोर्ट्स ने जमीन पर बाड़ लगाना शुरू किया, तो वहां के नवीनल गांव के लोगों ने हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर कर दी और अदाणी पोर्ट्स को 231 हेक्टेयर चारागाह भूमि के आवंटन को चुनौती दी। उन्होंने तर्क दिया कि गांव में चारागाह भूमि की कमी है और इस आवंटन से उनके पास केवल 45 एकड़ भूमि ही बचेगी।

2014 में, राज्य सरकार द्वारा यह कहने के बाद कि चारागाह के लिए 387 हेक्टेयर सरकारी भूमि देने का आदेश दिया गया है, कोर्ट ने मामले का निपटारा कर दिया। फिर 2015 में, राज्य सरकार ने हाई कोर्ट में एक रिव्यू पिटीशन दायर की और कोर्ट से कहा कि ग्राम पंचायत को आवंटित करने के लिए केवल 17 हेक्टेयर भूमि ही उपलब्ध थी। इसने प्रस्ताव दिया कि वह शेष भूमि यहां से लगभग 7 किलोमीटर दूर आवंटित कर सकती है। ग्रामीणों ने इसे यह कहते हुए खारिज कर दिया कि मवेशियों के चरने के लिए यह बहुत दूर है।

# प्रथम पेज का शेष ....

**0 नीट यूजी 2024 : सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षा दोबारा...**

संबंध में कहा कि पहले प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने की झूठी धारणा बनाने के लिए वीडियो से छेड़छाड़ की गई थी। एनटीए ने यह भी बताया कि सोशल मीडिया पर टिप्पणियों और चर्चाओं ने वहां के दावे की मनगढ़ंत प्रकृति को सामने लाया।

शीर्ष अदालत ने 08 जुलाई को केंद्र सरकार और एनटीए से नीट यूजी परीक्षा के प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने के दायरे के बारे में जानकारी देने और सार्वजनिक होने तथा 5 मई, 2024 को परीक्षा आयोजित होने के बीच के समय अंतराल के बारे में भी जानकारी देने को कहा था।

**0 पार्टी और परिवार को बचाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री....**

चंद्रशेखर राव पहले परिवार और फिर पार्टी को बचाने के लिए किसी के साथ भी गठबंधन करने को राजी हो सकते हैं। कांग्रेस चूंकि परंपरागत विरोधी रही है, इसलिए केसीआर के पास बीजेपी से गठजोड़ का विकल्प ज्यादा बेहतर हो सकता है और इसका त्वरित फायदा उन्हें बेटी को ईडी की कार्रवाई से राहत के रूप में मिल सकता है।

बीजेपी की दक्षिणी में विजय की चाह और केसीआर की सत्ता में वापसी की चाह दोनों दलों को बातचीत के लिए नजदीक आने पर मजबूर कर रही है। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बीजेपी के कुछ नेता इस सियासी संकट का लाभ उठाना चाह रहे हैं और संकटग्रस्त क्षेत्रीय पार्टी पर विलय का दबाव डालने की बात भी कर रहे हैं। हालांकि, बीजेपी का ही एक धड़ा बीआरएस से गठूबंधन की संभावनाओं का विरोध कर रहा है और कह रहा है कि यह पार्टी के लिए गलत कदम हो सकता है। हालांकि इन सबके बीच कहा जा रहा है कि इन्हीं संभावनाओं को मूर्त रूप देने के लिए के पूर्व सीएम चंद्रशेखर राव के बेटे और राज्य के पूर्व मंत्री के टी रामाराव पिछले दिनों हैदराबाद से दिल्ली तक की दौड़ लगा चुके हैं और भाजपा के कुछ नेताओं से मुलाकात कर चुके हैं।

**0 निकाय चुनाव में सत्ता वापसी का 'ईंधन' बनेगा सस्ता सिलेंडर...**

बाकी 15 निकायों का कार्यकाल 2025 में पूरा होगा। वहीं नगर निकाय चुनाव 2019 में पूर्ववर्ती कांग्रेस की भूपेश सरकार के दौरान प्रदेश के सभी 14 नगर निगमों में कांग्रेस के महापौर चुने गए थे। अभी केवल 13 निगमों में कांग्रेस है और एक में भाजपा के महापौर हैं।

**0 सैंपल की जांच : नामी कंपनियों के फूड सप्लीमेंट....**

लेबल डिफेक्ट पाया गया है। इनकी विस्तृत रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिसके बाद संबंधित दवा व्यापारियों को नोटिस जारी कर खरीदी से संबंधित तमाम जानकारी मांगी जाएगी और आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

पूरक आहार होने का जिक्र नहीं

फूड सप्लीमेंट पूर्ण आहार नहीं है, उनमें पूरक आहार होने का जिक्र किया जाना आवश्यक है। साथ ही संबंधित उत्पाद में मौजूद अवयवों की मात्रा का उल्लेख भी करना जरूरी है। जांच के दौरान इसमें अंतर पाए जाने वाले उत्पादों को लेबल डिफेक्ट की श्रेणी में रखा गया है। वहीं अपने उत्पाद की शुद्धता और असरकारक के दावे में अंतर वालों को मिसब्रांड के दायरे में रखा गया है।

ड्रग को फूड श्रेणी में लाने का खेल

सूत्रों के मुताबिक विटामिन, मिनरल, प्रोटीन औषधि के दायरे में आते हैं, मगर कई कंपनियां इसे फूड प्रोडक्ट के दायरे में बाजार में खपा रही हैं। खाद्य पदार्थ की श्रेणी में आने की वजह से इनकी तमाम मापदंडों पर जांच नहीं हो पाती और दवा बाजार के साथ इन्हें सामान्य दुकानों में भी बिना अवरोध के बेचा जाता है।

इनके लिए गए थे सैंपल

दवा दुकानों से खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने जीआरडी बिक्स प्रोटीन, सिगनुत्रा ग्रोविवा, पीडियास्योर, प्रोहन्स-डी डायबिटीज केयर, ऑस्ट्रो मल्टीविटामिंस सीरप, एटूजेड मल्टीविटामिन सीरप, जीनोविट मल्टीविटामिन कैप्सूल, स्टेविआ शुगर फ्री और मीन-जेड, मोकटल मल्टीविटामिन मल्टीमिनिरल्स सीरप, बेंफिसियल हेल्थ सल्पीमेंट, प्रोग्रेट प्रोटीन पॉवडर, एन्दुरा मॉस वेट गेनर, लिक्योरिफिट न्यूट्रास्यूटिकल, पैक्ड क्यू -10 सीरप, पैक्ड बेस्ट प्रोटीन सप्लीमेंट प्रोटीपी, पैक्ड मल्टीविटामिन मल्टीमिनिरल्स, जिंसी टोटल हेल्थ नामक फूड सप्लीमेंट के सैंपल लिए थे।

विवेचना के बाद होगी कार्रवाई

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नियंत्रक कुलदीप शर्मा ने बताया कि, पहली बार फूड सप्लीमेंट की गुणवत्ता का पता लगाने के लिए सैंपल लिए गए। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित प्रकरणों में दवा दुकानदारों से जानकारी लेकर मामले की विवेचना की जाएगी।

**0 सीए का रिजल्ट जारी, शिवम मिश्रा ने किया टॉप...**

फाइनल ग्रुप 1 की परीक्षाएं 2, 4 और 8 मई को और ग्रुप 2 की परीक्षाएं 10, 14 और 16 मई को हुई थी। संस्थान ने रिजल्ट के साथ टॉपर्स लिस्ट भी जारी कर दी है।

**0 विधानसभा सचिवालय में आयोजित हुई वित्तीय....**

प्रतिवेदन में प्रस्तुत आर्थिक अंकेक्षण से संबंधित कार्यों की समीक्षा होती है और अगर इसमें अनियमितता सामने आती है तो उस आर्थिक अनियमितता से संबंधित सभी कंडिकाओं का मौखिक परिक्षण तथा शेष अन्य कंडिकाओं पर लिखित जानकारी के आधार पर लोक लेखा समिति परीक्षण करती है।

वित्तीय संसदीय समितियों में प्राक्कलन समिति विभागों के प्राक्कलनों पर विचार तथा बजट एवं अनुदान की मांगों को विधानसभा द्वारा पारित करने के बाद कार्यपालिका द्वारा किये गये खर्च पर सभा का वित्तीय नियंत्रण बनाये रखने का कार्य करती है। इस दौरान प्राक्कलन समिति के सदस्यों से विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने विस्तृत चर्चा करते हुए उनके विचार भी प्राप्त किये।

इसके उपरांत विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति को एक और महत्वपूर्ण वित्तीय समिति बताते हुए कहा कि इस समिति के माध्यम से राज्य के विभिन्न निगम अथवा मंडलों के लेखों की जांच महालेखाकार द्वारा की जाती है तथा प्रतिवर्ष प्रतिवेदन तैयार कर विधानसभा में यथासमय प्रस्तुत किया जाता है। सभा में प्रस्तुत सार्वजनिक उपक्रमों से संबंधित महालेखाकार के प्रतिवेदन में ऑडिट आपत्तियों पर विभाग एवं सार्वजनिक उपक्रमों से जानकारी प्राप्त कर आवश्यकतानुसार विभागीय सचिव का मौखिक साक्ष्य लेकर जान की प्रक्रिया को पूर्ण कर अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करती है।

स्थानीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं के लेखों की जांच महालेखाकार द्वारा किये जाने के पश्चात् प्रतिवेदन विधानसभा में प्रस्तुत किया जाता है। उसी प्रकार छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा द्वारा भी इन संस्थाओं के लेखों का परीक्षण किया जाकर प्रतिवेदन को विधान सभा में प्रस्तुत किया जाता है। इन प्रतिवेदनों का परीक्षण विधान सभा की स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज लेखा समिति द्वारा किया जाकर अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाता है।

समितियों के सदस्यों को अन्य राज्यों से तुलनात्मक समीक्षा करते हुए उत्कृष्ट कार्यशैली स्थापित करने का कार्य करना है। डॉ रमन सिंह, विधानसभा अध्यक्ष इस बैठक में विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने अनुरोध करते हुए कहा कि वित्तीय समितियों के सभापति एवं सदस्यों को समिति की बैठकों के प्रति अपनी उपस्थिति के प्रति सदैव गंभीर रहना है क्योंकि बैठकों की निरंतरता और सभापति एवं सदस्यों की उपस्थिति ही समितियों की सार्थकता को सिद्ध कर सकेगी। समितियों के सभापति एवं सदस्यों का यह सामूहिक प्रयास होना चाहिए कि वित्तीय समितियां बेहतर कार्यकरण के लिए अग्रसर हो साथ ही अन्य राज्यों की समितियों की तुलनात्मक समीक्षा करते हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा की वित्तीय समितियों की उत्कृष्ट कार्यशैली को स्थापित करने में सफल हों।

अंत में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने समितियों के प्रति शुभकामनायें देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की यह षष्ठ्म विधान सभा अभी अपने शैशव काल पर है, शेष कार्य अवधि में हमारी वित्तीय संसदीय समितियां बेहतर से बेहतर परिणाम दे पाने में सफल हों और उन्होंने आशा जताई है कि इन सभी महत्वपूर्ण समितियों की अधिक से अधिक बैठके आयोजित कर मेहनत एवं लगन से कार्य करते हुए सभी सदस्य अपने-अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करेंगे।

# भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने विष्णुदेव साय सरकार का अहम फैसला, सीएम ने कहा- सुशासन की दिशा में एक और कदम

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कैबिनेट में शासकीय समानों की खरीदी गड़बड़ी और भ्रष्टाचार की रोकथाम के मद्देनजर एक बड़ा फैसला लिया है। कैबिनेट ने सीएसआईडीसी के माध्यम से खरीदी में भ्रष्टाचार की शिकायतों को देखते हुए इसके सभी रेट कॉन्ट्रेक्ट को जुलाई माह के अंत तक निरस्त करने का निर्णय लिया है। पूर्ववर्ती सरकार ने जेम पोर्टल से खरीदी पर रोक लगा दी थी, शासकीय सामग्री की खरीदी में दिक्कत, गुणवत्ता का अभाव एवं भ्रष्टाचार की शिकायतें काफी बढ़ गई थी।

साय सरकार ने इसको गंभीरता से लेते हुए न सिर्फ भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने का फैसला लिया है, बल्कि जेम के माध्यम से खरीदी की व्यवस्था को फिर से बहाल कर शासकीय सामग्री की खरीदी में पारदर्शिता सुनिश्चित की है। विष्णु सरकार का यह फैसला सुशासन की दिशा में एक और कदम है। कैबिनेट बैठक में छत्तीसगढ़ शासन भण्डार क्रय नियम 2002 के (यथा संशोधित 2022) में संशोधन प्रारूप का अनुमोदन किया गया। राज्य शासन के सभी विभाग आवश्यकतानुसार सामग्री, वस्तुओं एवं सेवाएं, जिनकी दरें एवं विशिष्टियां भारत सरकार के डीजीएसएण्डडी की जेम वेबसाइट में उपलब्ध हों, का क्रय जेम वेबसाईट से नियमानुसार निर्धारित प्रक्रिया पालन कर करेंगे। अतिरिक्त आवश्यकता होने पर सामग्री, वस्तु एवं सेवाओं के क्रय के संबंधित विभागों को वित्त विभाग से अनुमति लेना होगा।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में इसके अलावा और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था के लिए भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को छत्तीसग? राज्य में पूर्ण रूप से लागू करने का निर्णय लिया गया। नई शिक्षा नीति के तहत कक्षा 5वीं तक बच्चों को स्थानीय भाषा-बोली में शिक्षा दिए जाने का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही प्री-प्राइमरी से 12 वीं तक सबको शिक्षा उपलब्ध कराने की अनुशंसा की गई है। इस नवीन शिक्षा नीति के तहत समतामूलक और समावेशी शिक्षा प्रदान करने के साथ ही प्रचलित शैक्षणिक संरचना 10+2 के स्थान पर 5+3+3+4 लागू किया गया है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा वन और जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा वन अधिकार अधिनियम के तहत व्यक्तिगत वन अधिकार पत्रधारकों की मृत्यु होने पर वारिसानों के नाम पर काबिज वन भूमि का हस्तांतरण राजस्व या वन अभिलेखों में दर्ज करने संबंधित कार्यवाही के लिए प्रक्रिया प्रारूप का अनुमोदन किया गया। इससे भविष्य में नक्शा का जिओ रिफ्रेंसिंग होने से भूखण्ड का आधार नंबर भी लिया जाएगा। इसका उपयोग नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा आदि में किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ सशस्त्र सहायक प्लाटून कमाण्डर (नर्सिंग), प्रधान आरक्षक (नर्सिंग), मेल नर्स, फिमेल नर्स, लैब टेक्निशियन, फार्मासिस्ट, नर्सिंग असिस्टेंड, कम्पाउण्डर, ड्रेसर, आरक्षक (बैण्ड), आरक्षक (श्वान दल) भर्ती प्रक्रिया वर्ष-2023 के तहत छत्तीसग? राज्य के स्थानीय निवासियों को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। यह छूट अनारक्षित वर्ग को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा के अतिरिक्त एक बार के लिए 05 वर्ष की छूट एवं आरक्षित वर्ग को पहले से 05 वर्ष की आयु शिथिलीकरण के अतिरिक्त, एक बार के लिए, निर्धारित आयु सीमा में 05 वर्ष की और छूट प्रदान की जाएगी।

# लापता महिला की कुएं में मिली लाश




दुर्ग। जिले के सिरना भाठा गांव में पिछले दो दिनों से गायब एक महिला की कुएं में लाश मिली है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरफ की टीम की मदद से महिला के शव को कुएं से बाहर निकाला गया. पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

जानकारी के अनुसार, यह मामला धमधा थाना क्षेत्र के सिरना भाठा का है. 45 वर्षीय महिला गीता गौरैया दो दिनों से घर से लापता थी जिसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दी गई थी. वहीं एक घरेलू कुएं में महिला की लाश मिली है. बताया जा रहा है कि महिला मानसिक रूप से बीमार थी और शराब पीने की आदी थी. परिजनों को आशंका है कि शराब के नशे में वह फिसलकर कुएं में गिर गई होगी.

परिजनों के अनुसार दो दिन पहले गीता शराब के नशे में घर से निकली थी. बुधवार की शाम जब परिजनों ने उसका शव कुएं में देखा तो इसकी सूचना धमधा थाना पुलिस को दी. जिसके बाद पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को सूचना दी. एसडीआरएफ की टीम ने घटनास्थल पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद लगभग 40 फिट गहरे कुएं से महिला के शव को बाहर निकाला. फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# चलती कार में लगी आग

दुर्ग(दावा)। चलती कार में अचानक आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। कार में तीन लोग सवार थे। आग लगते ही तीनों लोग कार छोड़कर सुरक्षित स्थान पर पहुंच गए, जिससे किसी प्रकार की कोई जानहानि नहीं हुई। यह घटना धमधा नाका एफसीआई गोदाम के सामने की है। बताया जा रहा कि ओवर हिटिंग के कारण टाटा इंडिका में आग लगी। दरअसल यह घटना तब हुई जब कार सवार तीन लोग धमधा से दुर्ग की ओर आ रहे थे। आसपास के लोगों ने आग लगने की सूचना अग्निशमन कार्यालय दुर्ग को दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंचकर बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। बताया जा रहा कि पास में ही धान से भरे ट्रकों की लाइन लगी थी। समय रहते आग पर काबू पाने से एक बड़ा हादसा टल गया।

# ओवरलोडिंग से मिलेगी राहत, 11 केवी फीडर को दो भागों में बांटा



0 लगभग 29 लाख 54 हजार रुपए की लागत से बना नया 11 के.व्ही. विद्युत फीडर कोटनी चार्ज
0 बघेरा जोन एवं वितरण केंद्र के लगभग 1850 उपभोक्ता होंगे लाभान्वित

दुर्ग (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र द्वारा उपभोक्ताओं एवं किसानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए नित नये कार्य किए जा रहे हैं। विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में एक नई कड़ी जोड़ते हुए लगभग 29 लाख 54 हजार रुपए की लागत से जवाहर नगर जोन के अंतर्गत स्थित 33/11 के.व्ही. कर्मचारी नगर सबस्टेशन से निकलने वाली लगभग 15 किलोमीटर दूरी के एसटीएफ फीडर को दो भागों में बांटकर नये 11 के.व्ही. कोटनी फीडर को चार्ज किया गया है, जिससे पूर्व से स्थापित फीडर पर लोड कम होगा और उपभोक्ताओं को बिना किसी व्यवधान के विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी। उक्त नये 11 के.व्ही फीडर को मुख्य अभियंता एम.जामुलकर द्वारा चार्ज किया गया।

मुख्य अभियंता जामुलकर ने बताया कि 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र(सबस्टेशन) कर्मचारी नगर से बघेरा जोन एवं बघेरा वितरण केंद्र के लिए निकलने वाले 11 के.व्ही एसटीएफ फीडर पर लोड बहुत अधिक हो रहा था जिसे उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति प्रदान करने के लिए दो लगभग 8-8 किलोमीटर 11 के.व्ही. लाइन के साथ विभाजित कर नये 11 के.व्ही. कोटनी फीडर चार्ज किया गया, जिससे शहर में विद्युत व्यवधान एवं लोड को कम किया जा सके। उन्होंने बताया कि उक्त फीडर के चार्ज होने से बघेरा वितरण केंद्र के कोटनी बस्ती के साथ पंप के पूरे वितरण ट्रांसफार्मर अलग हो जाएंगे, जिससे बीड़ी कालोनी, बजरंग चौक, मुर्राभाटा, सुंदर नगर, दमान्द पारा, उरला, ब्रम्हकुमारी, हाउसिंग बोर्ड, एसटीएफ कॉलोनी बघेरा एवं आसपास के क्षेत्र को बिना किसी व्यवधान के विद्युत आपूर्ति प्रदान की जा सकेगी। श्री जामुलकर ने बताया कि उक्त फीडर के चार्ज होने से बघेरा जोन एवं बघेरा वितरण केंद्र के लगभग 1850 उपभोक्ताओं एवं किसानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रदान की जा सकेगी। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता शहर वृत्त तरुण कुमार ठाकुर, कार्यपालन अभियंता नगर संभाग दुर्ग रवि कुमार दानी, कार्यपालन अभियंता एसटीएम शहर संतोष मिश्रा, सहायक अभियंतागण ढालेश्वर साहू, श्रीमती श्वेता वर्मा, राजेन्द्र गिरी गोस्वामी, श्रीमती अंजू देसाई, नवीन वर्मा, एम.के.साहू, आलोक साहू एवं कनिष्ठ अभियंता जसवंत सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# अकलतरा स्टेशन में साइडिंग लाईन की कनेक्टिविटी के कारण रेल परिचालन प्रभावित

**बिलासपुर (दावा)। दक्षिण मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के बिलासपुर-चांपा मल्टीपल लाइन विद्युतीकृत सेक्शनों पर अकलतरा पर के एस के साइडिंग लाइन की कनेक्टिविटी और अकलतरा से जांजगीरनैला तक ऑटो सिग्नलिंग सिस्टम दोनों को चालू करने के लिए नॉन इंटर लॉकिंग कार्य संयुक्त रूप से किया जा रहा है इसके फ लस्वरूप नागपुर मंडल से गुजरने वाली निम्नलिखित रेल गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।**

रद्द रहने वाली रेल गाड़ियाँ- दिनांक 11,12,14,15 एवं16 जुलाई को गोंदिया से प्रस्थान करने वाली गाडी क्र.12070 गोंदिया-रायगढ़ रद्द रहेगी। दिनांक 12,13,15,16 एवं 17 जुलाई को रायगढ़ से प्रस्थान करने वाली गाडी क्र.12069 रायगढ़-गोंदिया रद्द रहेगी। दिनांक 11,12,13,14 एवं15 जुलाई को गोंदिया से प्रस्थान करने वाली गाड़ी क्र.08861 गोंदिया-झारसुगुडा रद्द रहेगी। दिनांक 12,13,14,15 एवं 16 जुलाई को झारसुगुडा से प्रस्थान करने वाली गाडी क्र.08862 झारसुगुडा-गोंदिया रद्द रहेगी। इसके अलावा निम्नलिखित रेल गाड़ियाँ बिलासपुर में समाप्त एवं बिलासपुर से ही रवाना होगी। दिनांक 10,11,12,13,14 एवं 15 जुलाई तक टाटानगर से प्रस्थान करने वाली गाडी क्र18109 टाटानगर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी। दिनांक 12,13,14,15,16 एवं 17 जुलाई तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से प्रस्थान करने वाली गाडी क्र.18110 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस।

दिनांक 12,13,14,15, एवं 16 जुलाई को कोरबा से प्रस्थान करने वाली गाडी क्र.18237 कोरबा-अमृतसर एक्सप्रेस। दिनांक 12 जुलाई को यशवंतपुर से प्रस्थान करने वाली गाड़ी क्र.12251 यशवंतपुर-कोरबा एक्सप्रेस। दिनांक 14 जुलाई को कोरबा से प्रस्थान करने वाली गाडी क्र.12252 कोरबा-यशवंतपुर एक्सप्रेस। दिनांक 11 जुलाई को कोच्चुवेल्ली से प्रस्थान करने वाली गाडी क्र. 22648 कोच्चुवेल्ली-कोरबा एक्सप्रेस।

दिनांक 13 जुलाई को कोरबा से प्रस्थान करने वाली गाड़ी क्र. 22647 कोरबा-कोच्चुवेल्ली एक्सप्रेस। दिनांक 10,11,13 एवं 15 जुलाई को निजामुद्दीन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी क्र.12410 निजामुद्दीन-रायगढ़ एक्सप्रेस। दिनांक 12,13,15 एवं 17 जुलाई को रायगढ़ से प्रस्थान करने वाली गाड़ी क्र.12409 रायगढ़-निजामुद्दीन एक्सप्रेस।

# विधायक हर्षिता स्वामी बघेल की उपस्थिति में कांग्रेसजनों ने किया बिजली विभाग का घेराव

**डोंगरगढ़(दावा)। लगातार हो रही असमय विद्युत कटौती एवं बिजली दर में की गई वृद्धि के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल एवं पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल के नेतृत्व में आज विद्युत विभाग का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। उपस्थित विद्युत अधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।**

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के अहवान में जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देश पर उक्त विरोध प्रदर्शन किया गया। शहर अध्यक्ष विजय राज चौहान, ग्रामीण अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने कहा है कि अघोषित विद्युत कटौती से आम जनता के साथ-साथ किसानो को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली दरो में वृद्धि से आम जनों को आर्थिक भार उठाना पड़ रहा है। लो वोल्टेज से सिंचाई पंप नहीं चल रहा है। स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है जो मीटर प्रीपेड है अर्थात रिचार्ज खत्म होने पर बिजली बंद कर दिया जाएगा इन सभी का विरोध करने कांग्रेसजन विधायक निवास में इकट्ठा होकर गोल बाजार में नारे बाजी करते हुए डोंगरगढ़ बिजली विभाग का घेराव किया गया।

अधिकारियों को कहा गया कि तत्काल व्यवस्था में सुधार होना चाहिए नहीं तो कांग्रेस आने वाले समय में किसनों को लेकर उग्र प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, प्रदेश कांग्रेस संयुक्त महामंत्री प्रदीप शर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज चौहान ,डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, सेवादल जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह भाटिया, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप सिंह गहेरवार, धीरज मेश्राम, हरीश भंडारी, दुलीचंद बडोले ,पप्पू इंदुरकर, नरेश करसे, विष्णु लोधी, ओमप्रकाश महानदी, बबलू खोबरागड़े, कृष्णा लिल्हारे, तरुण फूले शिशिर मिश्रा, शालिक राम, पंचराम चंदेल, दीनेतू प्रकाश जांगड़े, रामजी तराने, गौकरण कोसले, जगदेव साहू, सुरेश मेश्राम, पोमेश वर्मा, छगेंद्र, दिनेश साखरे, पलटूराम लहरे, दशरथ सोनी, पुरुषोत्तम चेलक, रूपचंद खोबरागड़े, रेखा खोबरागढ़े, रितु निर्मलकर, निशा निर्मलकर, किरण मेश्राम, रंजीत भारती, लालाराम वर्मा, दीपक कुमार पाटिला, थान सिंह बार्ले, दीपक खुटेल, बनाऊ जोशी एवं भारी संख्या में कांग्रेसजन एवं आम जनता उपस्थित थे।




कांग्रेसजनों ने बिजली कटौती एवं बिजली दर में वृद्धि का किया विरोध

## 8 प्रतिशत वृद्धि का विरोध कर रहे हैं कांग्रेसजन

राज्यपाल के नाम दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि भाजपा शासन काल में विद्युत बिल में अप्रत्याशित वृद्धि कर दी गई है। अघोषित कटौती, लो वोल्टेज और स्मार्ट मीटर लगाये जाने से अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

छत्तीसगढ़ प्रदेश में विद्युत बिल में लगभग 8 प्रतिशत की वृद्धि की गई है. पूर्व कांग्रेस सरकार के द्वारा विद्युत बिल हाफ किया गया था। परंतु लोकसभा चुनाव के बाद वर्तमान में भाजपा सरकार विद्युत बिल में बढ़ोतरी कर आम जनता के साथ छल कर रही है। छत्तीसगढ़ प्रदेश किसानो की भूमि है। परंतु विद्युत विभाग के द्वारा लगातार अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है, जिससे किसान, व्यवसायी, विद्यार्थी और आम नागरिको को अत्यंत परेशानियों को सामना करना पड़ता है। इस लचर व्यवस्था को तुरंत दूर किया जाए ताकि आम जनता राहत की सांस ले सके।

छत्तीसगढ़ प्रदेश सरप्लस विद्युत वाला राज्य है, पूर्व कांग्रेस सरकार में जब विद्युत की अधिक आवश्यकता होती थी तो छत्तीसगढ़ सरकार अन्य राज्यो से विद्युत क्रय कर राज्य को विद्युत आपूर्ति करती थी परंतु हमारे स्वंय के पास पर्याप्त विद्युत और साधन होने के बाद भी भाजपा सरकार जन से आयी है लो, वोल्टेज की समस्या बनी हुई है, जिस संबंध में कई बार नागरिको के द्वारा विद्युत विभाग में शिकायत ली गई परंतु आज दिनांक इसमे कोई सुधार नहीं किया गया है। किसी प्रकार वर्तमान भाजपा सरकार के द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने हेतु सर्वे किया जा रहा है, जिसमें समाचार पत्र के माध्यम से जानकारी मिली है कि, लगभग 7000 घरो में यह मीटर लगाया भी जा चुका है। परंतु इनके लाभ-हानि को जाने बिना इस राज्य के नागरिको के ऊपर थोपा जा रहा है।यह मीटर प्रीपेड है, अर्थात् जब रिचार्ज खत्म विद्युत बंद ऐसी स्थिति में गरीब व्यक्ति का घर तब तक रौशन नहीं हो सकता जब तक दुबारा रिचार्ज करने के लिये उसके पास पैसा ना हो साथ ही इस मीटर में अधिक बिल आने की भी शिकायत मिल रही है, आसपास के अन्य राज्यों ने इसे स्वीकार नहीं किया है तो छत्तीसगढ़ की भोली भाली जनता पर यह अत्याचार क्यों ?शासकीय संस्थाओ के विद्युत बिल लगभग 1700 करोड़ का बकाया है ऐसे ही बड़े उद्योगो पर भी विद्युत बिल का करोड़ो का बकाया है परंतु इसे वसुलने के बजाय भाजपा सरकार आम नागरिकों का शोषण करने में लगी हुई है। वर्तमान भाजपा सरकार के इस जन विरोधी नीति एवं विद्युत विभाग पर नियंत्रण न होने के कारण जों समस्याएँ उत्पन्न हो रही है उन पर शीघ्र कार्यवाही कर उक्त समस्याओ से हमें मुक्त कराने की मांग की गई है। यदि उक्त समस्या का शीघ्र निराकरण नहीं किया जाता है तो कांग्रेस पार्टी इन नितियो के विरोध में उग्र आंदोलन करेगी।

# जोशीलमती सोसायटी में विशेष आमसभा का आयोजन

गैंदाटोला (दावा)। आदिमजाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित जोशीलमती में विशेष आमसभा का आयोजन किया गया जिसमें पूरे 11 गांव जोशीलमती, कोलिहालमती, कोलियरी, खोरा टोला, गर्रापार, मावली चुवा, दैहान, केशाल हर्राटोला, पठान ढोड़गी, थैलीटोला, दतरेंगा आदि गांव के कृषक सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिसमें समिति के प्रभारी समिति प्रबंधक गणपत सिन्हा द्वारा वार्षिक आय व्यय की जानकारी को पढ़कर सुनाया गया।



जिसको कृषक सदस्यों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की और ताली बजाकर स्वागत किया। जिसमें प्रमुख रूप से हिरेंद्र साहू मंत्री जिला किसान मोर्चा राजनांदगांव, जोशीलमती समिति का पुर्व अध्यक्ष तिलोचन साहू, पूर्व उपाध्यक्ष लोकनाथ साहू, कोमल साहू, तामेश्वर पटेल, मिलन चन्द्रवंशी, घनश्याम साहू, बालमुकुंद कुंजाम सरपंच ग्राम पंचायत गर्रापार, टेमन लाल साहू, ताजू राम चंद्रवंशी, सेवाराम साहू, उदय रामचंद्र वशी, सुखदेव राम साहू, भागवत कस्तूरे चंद्रभान कोर्राम इंद्रकुमार चंद्रवंशी, प्रभारी समिति प्रबंधक गनपत सिन्हा मानसिंह साहू,इन्दू राम, संतोष कुमार, लोमनसिंह धुर्वे, मोहन साहू, लोकनाथ साहू, मोती साहू, सनत साहू ,डॉक्टर जामवंत साहू, भगवान दास साहू, बीपत साहू, तुलसीराम सहित हजारों की संख्या में कृषक सदस्यगण उपस्थित रहे, आमसभा सुचारू रूप से संपन्न हुआ।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन ने महिला एवं बाल विकास मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव (दावा)। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन (सीटू) द्वारा देश की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि सरकार द्वारा आंगनबाड़ियों को मजबूत की जाए व यहां कार्यरत कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को वैधानिक लाभ दी जाए।**

ज्ञापन में कहा गया है कि हमारे देश में राजनीतिक सामाजिक और आर्थिक भेदभाव के चलते महिलाओं और बच्चों में कुपोषण एक चुनौती पूर्ण जिम्मेदारी बन गई है। एक आकड़े के अनुसार पांच साल से कम उम्र के एक तिहाई से अधिक बच्चे बौने कमजोर और कम वजन वाले है। महिलाओं, किशोर लड़कियों, गर्भवती महिलाओं व छह साल के बच्चों में एनिमिया के स्तर काफी कम है। आंगन बाड़ियों में पोषण की गुणवत्ता और भी निम्न हो गई है। जो उपरोक्त कारणों की वजह है।



आंगनबाड़ी को मजबूत करने व कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का वैधानिक लाभ देने की मांग

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मांग

महिला एवं बाल विकास मंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में यूनियन द्वारा 8 सूत्रीय मांगे की गई है वही स्थानीय स्तर पर उनकी दो सूत्रीय मांगे है जिसमें आगामी बजट में आईसीडीसीएस के लिए बजट आबंटन बढ़ाने आंगनबाड़ी की मजबूत किए जाने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को ग्रेड तीन व ग्रेड चार सरकारी कर्मचारियों के रूप में नियमित किए जाने सहित श्रम कोड खत्म किए जाने के अलावा अन्य मांगे है। स्थानीय स्तर पर मांग में सरकार द्वारा ड्रेस राशि प्रतिवर्ष दिए जाने ताकि गुणवत्तापूर्ण साड़ी खरीदा जा सके व अन्य राज्यों की तरह आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन पूर्व की तरह प्रातः 9 बजे से एक बजे तक किए जाने की मांग शामिल है।

# सट्टा-पट्टी खिलाने और खाईवाल समेत 2 गिरफ्तार



**राजनांदगांव (दावा)। ऑनलाइन माध्यम से सट्टा खिलाने वाले आरोपी और खाईवाल समेत पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपियों के पास से मोबाइल और नगदी रकम जब्त किया।**

मिली जानकारी के अनुसार खैरागढ़ एसपी त्रिलोक बंसल व एएसपी नेहा पांडेय के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लालचंद मोहले के निर्देशन में खैरागढ़ थाना प्रभारी उनि मोरध्वज देशमुख एवं सायबर प्रभारी सउनि टैलेश सिंह के नेतृत्व में खैरागढ़ थाना में जुआ-सट्टा के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 9 जुलाई को खैरागढ़ पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम ने बरेठपारा खैरागढ़ में मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा-पट्टी लिखकर लोगों को अंकों पर दांव लगाकर हार-जीत का जुआ खेो रहा है कि सूचना पर सांई फर्नीचर के पास घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया, जहां आरोपी नितिन रजक 38 साल निवासी बरेठपारा को सट्टा-पट्टी लिखते एवं खाईवाल आशीष मेश्राम 36 साल निवासी चीचा थाा गातापार को रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी से कुल 3000 रुपए नगद व मोबाइल के वाट्सअप मैसेज का स्क्रीशॉट 18 पेज सट्टा-पट्टी व एक मोबाईल जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 6, 7 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# छह माह में ही कानून व्यवस्था ठप - मोहन मरकाम



हमने हाफ बिजली बिल योजना से लोगों को राहत दी, भाजपा ने बिजली बिल में वृद्धि कर जनता को किया आहत

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आते ही पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था ठप हो चुकी है, रेत माफियाओं का हौसला बुलंद है व नक्सल गतिविधियां बढ़ गई है। प्रदेश की भाजपा सरकार छह माह में ही अपना असली चेहरा दिखा रही है, बिजली का करेंट देकर प्रदेशवासियों को रूला रही है। उक्त बातें छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री, पूर्व पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम ने राजनांदगांव आवास के दौरान कही। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम गुरूवार 11 जुलाई का राजनांदगांव शहर आगमन हुआ, इस दौरान उन्होंने कांग्रेसजनों से भेंट मुलाकात कर दिवंगत कांग्रेसी नेताओं के निवास पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया।

जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम का राजनांदगांव शहर आगमन हुआ। उन्होंने रानीसागर स्थित न्यू सर्किट हाउस में वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने भेंट मुलाकात कर संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी लेकर आगामी कार्यक्रमों के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

पूर्व मंत्री एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार छह माह में ही अपना असली चेहरा दिखा रही है। आज हर जिले में हत्या, बलात्कार, चोरी की घटना आम हो चुकी है, प्रदेश सरकार की नाकामियों व लचर कानून व्यवस्था के चलते बलौदाबाजार के कलेक्टोरेट व पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित परिसर में हुए आगजनी से सैकड़ों दो पहिया व चार पहिया वाहनों एवं शासकीय संपत्ति को भारी क्षति पहुंची है। वहीं छग जैसे सरप्लस विद्युत आपूर्ति वाले राज्य है जहां हमारी कांग्रेस सरकार हाफ बिजली बिल योजना से प्रदेश की जनता को राहत दी वहीं भाजपा सरकार आते ही 20 रूपए प्रति यूनिट बढ़ाकर प्रदेशवासियों के साथ कुठाराघात कर रही है। चूंकि भाजपा सरकार अपने लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए वार्डों का परिसीमन कर रही है जिसका हम घोर निंदा करते है और न्यायालय का दरवाजा खटखटा रहे हैं। पूरे पांच साल तक भाजपाई नेता शराबबंदी हो करके चिल्लाते रहे और अपनी सरकार आते ही शराब में 10 रूपए की बढ़ोत्तरी कर दी। बैठक पश्चात पूर्व पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम कांग्रेस परिवार के शोककुल परिवारों से मिलने पहुंचे जिसमें वरिष्ठ कांग्रेसी भंवरलाल टाटिया, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश शर्मा के पुत्र विनय शर्मा, पार्षद संतोष पिल्ले की माता, एजार्जुर रहमान की पत्नी, लखोली निवासी कांग्रेसी कार्यकर्ता पवन साहू एवं इंटक अध्यक्ष सुरेन्द्र देवांगन के निवास पहुंचकर उनके पिता को श्रद्धासुमन अर्पित कर परिजनों को ढांढस बंधाया एवं मेहुल मारू के आफिस भी गए।

बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, महापौर हेमा देशमुख, पीसीसी महामंत्री शाहिद खान, थानेश्वर पाटिला, आफताब आलम, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबडा, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश डाकलिया, नरेश डाकलिया, मेहुल मारू, शारदा तिवारी, कुतबुद्दीन सोलंकी, मन्ना यादव, पंकज बाधव, हनी ग्रेवाल, आसिफ अली, रौशनी सिन्हा, माया शर्मा, मनीष गौतम, पार्षद मनीष साहू, नारायण सोनी, प्रतिमा बंजारे, संगीता साहू, बबूल कसार सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## आफताब आलम को रायपुर दक्षिण से उपचुनाव लड़ाने की मांग

वरिष्ठ कांग्रेसी कुतबुद्दीन सोलंकी ने रायपुर दक्षिण विधानसभा के उपचुनाव में एआईसीसी के सदस्य रहे डॉ. अफताब आलम को टिकट देने की मांग की। उन्होंने कहा कि जब राजनांदगांव जिले में बाहरी प्रत्याशी आकर चुनाव लड़ सकते है तो यहां के कांग्रेसी बाहर जाकर चुनाव क्यों नहीं लड़ सकते। जिस पर श्री मरकाम ने पार्टी का ध्यान दिलाने का आश्वासन दिया।

# राजनीतिक वर्चस्व कायम करने आज होगा नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर शक्ति परीक्षण

- पूर्व में कांग्रेस ने सत्ता के दम पर अध्यक्ष का पद हथियार था
- वर्तमान में भाजपा सत्ता के दम पर ही सत्ता पा सकती है

डोंगरगढ़(दावा)। कुछ ही महीनों बाद होने वाले नगर पालिका चुनाव के पूर्व कांग्रेस और भाजपा अपने वर्चस्व को कायम रखने की कोशिश में लगे हुए हैं। दोनों ही पक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव के लिए जिला कलेक्टर को आवेदन दिया था। जिसमें कांग्रेस की ओर से उपाध्यक्ष के खिलाफ 9 में से सात सदस्यों(पार्षदों) ने एवं भाजपा की ओर से अध्यक्ष के खिलाफ 12 सदस्यों (पार्षदों) ने अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन दिया था। जिला कलेक्टर द्वारा भाजपा द्वारा दिए गए आवेदन को स्वीकार किया गाय। जिस पर आज मतदान होना है।

आगामी नगर पालिका चुनाव में जाने के पूर्व दोनों ही डाल अपना वर्चस्व कायम रखने का पुरजोर कोशिश करेंगे सफलता जिसे मिलेगी उसे पार्टी के कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ेगा। राजनीतिक दलों के क्रियाकलाप से आम जनता को कोई लेना देना है ऐसा नहीं लगता। क्योंकि शहरवासी अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। समस्या पूर्व की भांति आज भी जस की तस बनी हुई है।

## दोनों ही दल आश्वस्त है सत्ता पाने के लिए

कांग्रेस को विश्वास है कि अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ आवश्यक आंकड़ा उनके पास सुरक्षित है।वहीं भाजपा को विश्वास है कि अविश्वास प्रस्ताव के सहारे आज उन्हें नगर पालिका की सत्ता हासिल हो जाएगी।

## भाजपा ने भरत वर्मा व रविन्द्र वैष्णव को बनाया पर्यवेक्षक

राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ में हो रहे विवाद को लेकर जिला भाजपा ने इस मुद्दे को संगठनात्मक संज्ञान में लिया है और इसके निराकरण के लिये पार्टी ने दो पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है जो इस विवाद से संबंधित सारे पहलुओं की जानकारी लेकर उसका निराकरण करेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने इस विषय के निपटारे के लिये प्रदेश भाजपा के महामंत्री भरत वर्मा व जिला भाजपा के महामंत्री रविन्द्र वैष्णव को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है तथा इसकी सूचना संबंधित लोगों को देकर पार्टी फोरम के भीतर निराकरण करने का निर्देश दिया है।

# पशु चिकित्सालय का घेराव और ताला लगाने पहुंचे गौ-सेवक



शहर में गौवंशों के उपचार में लापरवाही, बजरंग दल का फूटा गुस्सा

राजनांदगांव (दावा)। शहर में बढ़ते हुए एक्सीडेंटो के बीच बजरंग दल और जीव सेवी संस्थान बढ़-चढ़कर आवारा मवेशियों के घायल होने पर उपचार जैसे प्रबंध कर दे है, वही शासकीय पशु चिकित्सालय की बड़ी लापरवाही के चलते गौ वंश मृत्यु को प्राप्त हो रहे है। नगरवासियों द्वारा कुछ दिनों से गौवंशो को बिना उपचार के मौत और शासकीय डॉक्टर की लेटलतीफी पाए जाने पर बजरंग दल का गुस्सा फूटा।

सुबह बजरंग दल के बजरंगी पूरे आक्रोश से पशु चिकित्सालय कस्तूरबा स्कूल के सामने पहुंचे और प्रभारी से इस स्थिति और इनके समाधान की बात की, जिसके बाद जिला कलेक्टर एवं पशु चिकित्सा अधिकारी के त्वरित समाधान आश्वाशन पर शांत हुए।


यहां उपस्थित प्रांत गौरक्षा प्रमुख प्रशांत दुबे ने बताया कि शहर में लंबे समय से पशु चिकित्सकों की लापरवाही और बहानेबाजी की शिकायतें संगठन को प्राप्त हो रही थी, राजनांदगांव संस्कारधानी माना जाता है, जहां अनेक संस्थान अपने-अपने स्तर पर प्राणियों और गौवंशों की सेवा कर रहे है, परंतु जब वे इस पशु चिकित्सालय से मदद मांगते हैं तो उन्हें दवाइयां न होने, स्टाफ न होने का हवाला दिया जाता है। फिर इस पशु चिकित्सालय का काम ही क्या है, ये ऑफिस में बैठकर राज्य का वेतन कमा थे है और गौ-सेवकों दिन-रात मेहनत कर रहे है। इसी कारण आज यह कार्यवाही की गई और प्रशासन से गौ रक्षा हेतु सख्त रूख अपनाने की नसीयत दी गई, अन्यथा संगठन उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य रहेगा।

वहीं राजनांदगांव जिला गौरक्षा प्रमुख अंशुल कसार ने बताया कि पशु चिकित्सक अपने आप में वार्ड डिविजन जैसी अजीब-अजीब व्यवस्था कर के बैठे है, जिससे शहरवासियों से घटना स्थल की सूचना मिलने पर वो एरिया हमारा नहीं है, ऐसे पशु चिकित्सकों के होते है। राजनांदगांव में एक वीआईपी कल्चर विद्यमान हो चुका है, जिसमें कुछ खास व्यक्तियों का ही फोन ये डॉक्टर उठाते है और इलाज हेतु रिस्पॉन्स करते है, ऐसे में एक सामान्य नागरिक कहां जाए, जिनकी सेवा के लिए इन पशु चिकित्सकों को सरकार ने नियुक्त कर वेतन पर रखा है। ये पूरी तरह से बंद हो और जिले की मोबाइल यूनिट से कोई सेवा आज तक नगरवासियों को नहीं मिल सकी है, जबकि यह 4 वेन संचालित है। इन वेनों में से एक नगर निगम के 51 वार्डो हेतु प्रशासन मोबाइल यूनिट आरक्षित करें, जिस से शहर को घटनाओं में अंकुश लगे।

उक्त स्थान प्राप्त बजरंग दल प्रांत गौ रक्षा प्रमुख प्रशांत दुबे, विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री अरूण गुप्ता, विहिप जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, विहिप संपर्क प्रमुख लाल मुनाई सिंह, बजरंग दल जिला संयोजक सुनील सेन, जिला गौरक्षा प्रमुख अंशुल कसार, राजू तवर, जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख आशीष तिवारी, विहिप नगर मंत्री बाबाजी मेश्राम सहित नगर संयोजक प्रिंस प्रशांत हाथीबेड, नगर सहसंयोजक गौरव शर्मा, दिव्यांश साहू, यश साहू, प्रणय मुल्लेवार, हरीश भानुशाली, धनंजय पांडे, अनुज गावरे, प्रतीक, हर्षु व्यास, आदर्श, गणेश्वर आदि, ईशान, सागर, गज्जू सहित बड़ी संख्या में बजरंगी गौसेवक उपस्थित रहे।

# मुस्लिम तेली पंचायत द्वारा धूमधाम से मनाया जाएगा मोहर्रम का पव

## सिकंदर गोरी बने समिति के अध्यक्ष



राजनांदगांव (दावा)। प्राचीन काल और सियासत काल से लेकर आज अपनी परंपरा के अनुसार मुस्लिम तेली समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी करबला के शहीदों की याद में मोहर्रम के अवसर पर भव्य एवं आकर्षक ताजिया इस वर्ष भी निकाला जाएगा। मुस्लिम तेली समाज के शोहदाए करबला मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष सिकंदर गोरी ने बताया कि मुस्लिम तेली समाज के आवश्यक बैठक में समाज के बुजुर्ग एवं नौजवान साथियों को लेकर समिति का गठन भी किया गया, जिसमें इस वर्ष होने वाले मोहर्रम पर्व की भव्यता को लेकर विचार-विमर्श कर अंतिम रूप दिया गया। जिसकी सुन्दरता को सजाया एवं सवारा है। इस वर्ष भी जुलुस की भव्यता को लेकर मुस्लिम तेली समाज द्वारा व्यापक तैयारी की गई है।

इस वर्ष मोहर्रम 17 जुलाई को दिन-बुधवार, दोपहर 3 बजे ताजिया ठेठवार पारा (तेलीपारा) से गौशाला पारा से मानव मंदिर, सिनेमा लाईन, भारत माता चौक, गंज लाईन स्थित मामा-भांजा मजार के पास पुनः वापस भारत माता चौक होते हुए सदर बाजार, बसंतपुर थाना, दुर्गा चौक होते हुए दिग्विजय कॉलेज के पास स्थित सैय्यद बाबा अटल शाह मजार में अंतिम कार्यक्रम होगा। इस वर्ष भी मोहर्रम का जुलूस जो रात्रि में निकाला जाता था। इस वर्ष भी नही निकाला जाएगा। इस वर्ष दिग्विजय कॉलेज मैदान में ही शहर का मशहुर हैदरी अखाड़ा साथ ही महाराष्ट्र नागपुर के मशहुर फनकार, गायक न्यू मयकश मटका पार्टी के हाजी खलील ताजी भाई की मटका पार्टी भी अपनी-अपनी आकर्षक प्रस्तुति देगी।


मुस्लिम तेली समाज शोहदा करबला मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष सिकंदर गोरी के अलावा हाजी इल्मुद्दीन गोरी, हाजी इदू झाड़ोदिया, हाजी गानी झाड़ोदिया, हाजी नजीरूद्दीन चौहान, हाजी ईशाक भाटी, हाजी लुकमान भिनसरा, आदिल झाड़ोदिया, हाजी सदरूद्दीन बड़गुजर, इकरामुद्दीन सोलंकी, हाजी समीम बड़गुजर, हाजी रज्जाक जिंदरान, हाजी रहमान सोलंकी, हाजी बशीर गोरी, नासीर जिंदरान, हाजी इल्मुद्दीन झाड़ोदिया, मैनुद्दीन चौहान, सलीम गोरी, हाजी इस्लामुद्दीन झाड़ोदिया, मंगलू सोलंकी, हाजी फिरोज, नासीर चौहान, सुल्तान चौहान, हाजी यासीन चौहान, सरफुद्दीन, जावेद गोरी, रफीक गोरी, शब्बीर चौहान, जावेद बड़गुजर, कलीम गोरी, जावेद गोरी, अजीज गोरी, नत्थु गोरी, युसुफ गोरी, असगर सोलंकी, कालू भाटिया, राजू जिंदरान,अनवर कुलडिया, शेरू जिंदरान ने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में दिग्विजय कॉलेज मैदान में करबला वालों की याद में निकाली जाने वाली मोहर्रम के जुलूस में शामिल होने की अपील की है।

# निगम जल्द सफाई व्यवस्था सुधारे, इसके लिए फैसले में देरी न हो - मोनू बहादुर



राजनांदगांव (दावा)। निगम की लचर व्यवस्था को लेकर भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि 10 दिनों से शहर में सफाई व्यवस्था ठप्प पड़ी हुई है। इस स्थिति के लिए महापौर और एमआईसी भी जिम्मेदार है। 30 जून को सफाई ठेका खत्म होने के चलते 300 सफाई मजदूरों को काम से हटा दिया गया है। शहर में गंदगी बढ़ती जा रही है जिससे नागरिक परेशान हो रहे हैं। मोनू बहादुर ने कहा कि, इन सारी अव्यवस्थाओं से बचा जा सकता था। ऐसा तब नहीं होता जब महापौर परिषद समय पर फैसला लेती, समय पर उनकी बैठक होती एमआईसी को अपनी जिम्मेदारियां समझनी चाहिए थी।

उन्होंने बैठक पूरे जून माह तक टालीं, इस महत्वपूर्ण काम में लेटलतीफी की गई। उस पर इस मामले में ये पहलू निकलकर सामने आना कि महापौर के निज सचिव ने एमआईसी के संकल्पपत्र से छेड़छाड़ की ये और भी संगीन है। इस मामले की शीघ्र जांच कर कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि, अब यह विषय सिर्फ सफाई मजदूरों के रोजगार का ही नहीं बल्कि शहर की सफाई व्यवस्था का भी है। निगम प्रशासन इसमें उचित निर्णय लेते हुए आगे बढ़े और जल्द से जल्द इसका समुचित निराकरण सुनिश्चित करें। जिनके चलते यह स्थितियां बन रहीं हैं उन्हें जनसेवा के धर्म का ख्याल रखना चाहिए। आज शहर की डेढ़ लाख की आबादी निगम में अंतर्द्वंद, अकर्मण्यता का परिणाम भोग रही है जो कि कतई स्वीकार्य नहीं है।







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com